


दैनिक
# सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन

वर्ष 54/ अंक 301/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल ■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, शनिवार 14 जून 2025 भोपाल से प्रकाशित dainiksandhyaprakash.in




सांध्यप्रकाश विशेष

## अहमदाबाद में फ्लाइट हादसे की जांच के लिए बनी कमेटी, 3 महीने में आएगी रिपोर्ट

**अहमदाबाद।** एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-171 प्लेन क्रैश मामले की जांच के लिए सिविल एविएशन मंत्रालय ने हाई लेवल कमेटी का गठन किया है। उच्च स्तरीय बहु-विषयक समिति एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-171 के दुर्घटनाग्रस्त होने के कारणों की जांच करेगी। यह समिति मौजूदा एसओपी और भविष्य में ऐसी घटनाओं से निपटने के लिए व्यापक दिशा-निर्देश सुझाएगी। समिति की अध्यक्षता केंद्रीय गृह सचिव, गृह मंत्रालय, भारत सरकार करेंगे। समिति में सचिव, नागरिक उड्डयन मंत्रालय, भारत सरकार अतिरिक्त सचिव/संयुक्त सचिव, गृह मंत्रालय राज्य गृह विभाग, गुजरात सरकार से प्रतिनिधि राज्य आपदा प्रतिक्रिया प्राधिकरण, गुजरात सरकार से प्रतिनिधि पुलिस आयुक्त, अहमदाबाद महानिदेशक, निरीक्षण और सुरक्षा, भारतीय वायु सेना महानिदेशक, नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) महानिदेशक, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) विशेष निदेशक, इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) निदेशक, फोरेंसिक विज्ञान सेवा निदेशालय, भारत सरकार शामिल होंगे। समिति द्वारा उपयुक्त समझे जाने वाले किसी अन्य सदस्य, जिसमें विमानन विशेषज्ञ, दुर्घटना जांचकर्ता और कानूनी सलाहकार शामिल हैं।



## अपनी आईडी के दम पर बांधवगढ़ में रहेंगे हाथी, हर गजराज के कारनामे होंगे दर्ज

**उमरिया।** उमरिया जिले का बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व वैसे तो बाघों के लिए अपनी एक खास पहचान रखता है. यही वजह है कि यहां साल भर पर्यटक बाघ देखने के लिए पहुंचते हैं, लेकिन पिछले कुछ सालों से अब टाइगर रिजर्व ने मध्य प्रदेश में हाथियों के लिए भी अपनी एक अलग पहचान बना ली है. पूरे प्रदेश में इकलौता ऐसा टाइगर रिजर्व हो गया है, जहां बाघ के साथ अब हाथियों के भी दीदार पर्यटकों को बड़ी आसानी से हो रहे हैं.



**अब हाथियों की होगी एक पहचान–** अब तक आपने बाघों के अलग-अलग नाम सुने होंगे, बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में भी बाघों के अलग-अलग नाम रखे गए हैं. उनकी एक अलग आइडेंटिफिकेशन है. उनकी पूरी हिस्ट्री प्रबंधन के पास होती है, और जरूरत पड़ने पर एक ही झटके में ये किस तरह का टाइगर है, इसका व्यवहार कैसा रहता है, कहां-कहां मोमेंट रहता है, सब कुछ जानकारी मिल जाती है. ठीक उसी तरह से अब हाथियों की भी एक अलग पहचान बनाई जा रही है. मध्य प्रदेश में बांधवगढ टाइगर रिजर्व में ही ऐसा पहली बार हो रहा है जहां हाथियों को आईडेंटिफाई किया जा रहा है. उनको एक अलग नाम दिया जा रहा है, जिसकी शुरुआत भी हो चुकी है.

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के उपसंचालक पीके वर्मा बताते हैं कि, %%हाथियों को नाम देने का काम, उनकी आइडेंटिटी बनाने का काम 25 मई से शुरु कर दिया है और जब तक पूरा नहीं हो जाएगा तब तक यह काम किया जाएगा।

## अब अप्रूव दवाइयां ही ले जाने की इजाजत होगी, पकड़े गए तो जुर्माना!

**रियाद।** दुबई से कहीं घूमने जाने वालों के लिए ये चेतावनी है कि वे अपने बैग में कुछ प्रतिबंधित दवाइयां और सामान बिल्कुल न रखें। यदि किसी यात्री ने ऐसा किया, तो वो मुसीबत में पड़ सकता है। संभव है कि ऐसे यात्री को आगे के सफर से रोक दिया जाए। यात्री फ्लाइट में जरूरी दवाइयां और जरूरी सामान अपने केबिन बैग में आसानी से ले जा सकते थे। लेकिन, अब दुबई जाने वाली फ्लाइट्स में ऐसा नहीं होगा। नए नियमों के मुताबिक अब सिर्फ कुछ तय की गई और अप्रूव दवाइयां ही ले जाने की इजाजत होगी। इसलिए अगर आप दुबई जाने की तैयारी कर रहे हैं, तो एक बार पूरी जानकारी ले लें। जब भी हम किसी विदेश घूमने-फिरने के लिए जाते हैं, तो हमेशा अपनी हर एक जरूरी चीज साथ में रखकर ले जाते हैं, ना जाने कब किस चीज की जरूरत पड़ जाए, फिर चाहे वो कपड़े हो या दवाइयां हो।




## रक्त के बिना शरीर हाड़-मांस का ढांचा

रक्त के बिना शरीर हाड़-मांस का ढांचा है। शरीर के सुचारू संचालन के लिए खून की आवश्यकता होती है। खून की कमी से व्यक्ति का जीवन खतरे में पड़ सकता है। खून की जरूरत होने पर अगर समय से रक्त की पूर्ति न की जाए तो व्यक्ति की जान भी जा सकती है। खून की कमी को पूरा करके जीवन की रक्षा रक्तदान के जरिए की जा सकती है। इस कारण लोगों को रक्तदान के लिए जागरूक किया जाता है, ताकि एक स्वस्थ व्यक्ति जरूरतमंद को रक्तदान कर सके और एक जीवन बचा सके। रक्तदान को बढ़ावा देने और रक्तदाता का आभार व्यक्त करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष रक्तदाता दिवस मनाया जाता है।



इस मौके पर दुनियाभर के लोगों को जरूरतमंदों को खून उपलब्ध कराने के लिए प्रेरित किया जाता है, ताकि खून की कमी से किसी मरीज की जान न जाए। प्रतिवर्ष 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस मनाया जाता है। रक्तदाता वह व्यक्ति है जो अपना खून किसी जरूरतमंद के लिए दान करता है। हर वर्ष रक्तदाता दिवस की एक थीम होती है। इस बर्ष 2025 की थीम है रक्त दो, उम्मीद दो, साथ मिलकर हम जिंदगियां बचा सकते हैं। (साभार)

**राजेश नारायण श्रीवास्तव (एडवोकेट)**



मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने एयरपोर्ट के ओल्ड टर्मिनल पर केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ यादव श्री शाह के साथ पचमढ़ी के लिए रवाना हुए। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी उनके साथ रवाना हुए।

# पचमढ़ी में आज लगेगी सांसद-विधायकों की पाठशाला, शाह करेंगे शुभारंभ

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के एकमात्र हिल स्टेशन पचमढ़ी में भारतीय जनता पार्टी अपने सांसदों और विधायकों के लिए विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन कर रही है। 14 से 16 जून तक चलने वाले इस शिविर में सांसदों और विधायकों को केवल पार्टी की नीतियों से अवगत ही नहीं कराया जाएगा, बल्कि उन्हें अनुशासित



दिनचर्या, संवाद कौशल और संगठनात्मक तालमेल जैसे व्यावहारिक विषयों पर भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। उद्घाटन सत्र में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शामिल होंगे। गृह मंत्री अमित शाह दोपहर 1.55 बजे भोपाल एयरपोर्ट पहुंचेंगे। यहां से वे रवाना होकर 2.45 बजे पचमढ़ी हेलीपैड पहुंचेंगे। इसके बाद शाह बीजेपी विधायकों-सांसदों के प्रशिक्षण शिविर में शामिल होंगे। गृहमंत्री शाह शाम करीब 5 बजे पचमढ़ी से रवाना होंगे।

### शिवप्रकाश समझाएंगे समन्वय और समाधान

भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश विधायकों, सांसदों और मंत्रियों को समन्वय, प्रक्रिया, समस्या और समाधान के विषय में समझाएंगे। शिवप्रकाश यह भी बताएंगे कि संगठन, अन्य जनप्रतिनिधियों, प्रशासन, विचार परिवार और स्वयं के परिवार के लिए समय प्रबंधन करें और पर्सनल, प्रोफेशनल लाइफ में तालमेल बनाएं।

### मीडिया और डिजिटल शिष्टाचार का पाठ भी

महाराष्ट्र के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विनोद तावड़े मीडिया संवाद के तौर-तरीकों, विषय चयन और इंटरनेट मीडिया की बारीकियों पर प्रशिक्षण देंगे। केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल वक्तव्य कौशल और मोबाइल शिष्टाचार पर बात करेंगे। वहीं, राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश संगठन, परिवार और प्रशासन के बीच समन्वय स्थापित करने के उपाय बताएंगे।

### सुबह छह बजे जागना होगा

प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत रोज सुबह 6 बजे जागने के साथ होगी। उसके बाद 7 बजे से योग, प्राणायाम और प्रार्थना का सत्र चलेगा। दिनभर विभिन्न सत्रों के माध्यम से प्रतिभागियों को संवाद, समन्वय, विचारधारा और व्यवहार से संबंधित विषयों पर मार्गदर्शन मिलेगा।

### संवाद कौशल सिखाएंगे अमित शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शिविर में संवाद कौशल पर विशेष सत्र लेंगे। वे सांसदों और विधायकों को जनसंपर्क, जनप्रतिनिधि की भूमिका और संवाद की रणनीतियों पर दिशा देंगे। समापन सत्र में राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष उपस्थित जनप्रतिनिधियों की जिज्ञासाओं का समाधान करेंगे। इस सत्र में सवाल-जवाब होंगे। स्वप्निल कुलकर्णी द्वारा आरएसएस की विचारधारा, पंच परिवर्तन और शताब्दी वर्ष की योजनाओं पर संवाद होगा। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र सिंह समय प्रबंधन और लोक व्यवहार पर सत्र लेंगे। मध्य प्रदेश के प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह हमारा विचार और पंच प्रण की अवधारणा पर बात रखेंगे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा पार्टी की कार्यपद्धति समझाएंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल से चार दिवसीय विदेश दौरे पर जाएंगे

## मार्क कार्नी के निमंत्रण पर 16-17 जून को जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चार दिवसीय विदेश यात्रा पर रवाना होने वाले हैं। पीएम मोदी 15 से 18 जून तक कनाडा, साइप्रस और क्रोएशिया का दौरा करेंगे। पीएम मोदी के दौरे की शुरुआत साइप्रस गणराज्य से होगी। इसके बाद पीएम मोदी कनाडा और फिर क्रोएशिया गणराज्य जाएंगे। साइप्रस गणराज्य के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री मोदी 15-16 जून को साइप्रस की आधिकारिक यात्रा करेंगे। यह दो दशकों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की साइप्रस की पहली यात्रा होगी। प्रधानमंत्री मोदी निकोसिया में राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलाइड्स से बातचीत करेंगे।



### जी-7 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री की लगातार छठी भागीदारी

इसके बाद पीएम मोदी कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के निमंत्रण पर 16-17 जून को जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। इस दौरान पीएम मोदी कनाडा के कानानास्किस की यात्रा करेंगे। यह जी-7 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री की लगातार छठी भागीदारी होगी। शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री जी-7 देशों के नेताओं, अन्य आमंत्रित आउटरीच देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रमुखों के साथ वार्ता करेंगे। इस दौरान पीएम मोदी ऊर्जा सुरक्षा, प्रौद्योगिकी और नवाचार, विशेष रूप से एनर्जी नेक्सस और क्वांटम से संबंधित मुद्दों सहित महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे।

### भारतीय प्रधानमंत्री की क्रोएशिया की पहली यात्रा

अपने दौरे के अंतिम चरण में क्रोएशिया गणराज्य के प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेंकोविच के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री मोदी 18 जून को क्रोएशिया की आधिकारिक यात्रा करेंगे। यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की क्रोएशिया की पहली यात्रा होगी, जो द्विपक्षीय संबंधों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी। पीएम मोदी और प्रधानमंत्री प्लेंकोविच द्विपक्षीय चर्चा करेंगे। पीएम मोदी क्रोएशिया के राष्ट्रपति जोरान मिलनोविच से मिलेंगे। क्रोएशिया की यात्रा यूरोपीय संघ में भागीदारों के साथ अपने संबंधों को और मजबूत करने की भारत की प्रतिबद्धता को भी दिखाएगी।

अहमदाबाद विमान हादसाः मरने वालों का आंकड़ा 275 हुआ

## विमान के पिछले हिस्से में फंसा एक शव और मिला



**अहमदाबाद (एजेंसी)।** अहमदाबाद में प्लेन क्रैश वाली जगह से शनिवार को एक और शव बरामद हुआ है। आज जब बीजे मेडिकल कॉलेज हॉस्टल से मलबा हटाया जा रहा था, तब विमान की टेल में फंसा हुआ था, जिसे नीचे उतारा। बाद में इसका पोस्टमॉर्टम हुआ है। ऐसा कहा जा रहा है कि यह शव एयर होस्टेस का हो सकता है।

उधर, आज भी मारे गए लोगों की DNA सैंपलिंग का काम जारी है। सिविल अस्पताल के बाहर परिजन की भीड़ है। यहां सुरक्षा के कड़े इंतजाम है। पोस्टमॉर्टम यूनिट के आसपास बाहरी लोगों की एंट्री बंद है। , सिविल अस्पताल में अब तक 270 से ज्यादा शवों का पोस्टमॉर्टम हो चुका है। इसके अलावा, 230 लोगों की ष्ठहृ सैंपलिंग की जा चुकी है। 8 शवों की शिनाख्त हो गई है।

### पायलट का आखिरी मैसेज सामने आया

अहमदाबाद प्लेन क्रैश मामले में विमान के पायलट सुमित सभरवाल का एयर ट्रैफिक कंट्रोलर (एटीसी) को भेजा गया आखिरी मैसेज सामने आया है। 4-5 सेकेंड के संदेश में सुमित कह रहे हैं, मेडे, मेडे, मेडे... थ्रस्ट नहीं मिल रहा। पावर कम हो रही है, प्लेन उठ नहीं रहा। नहीं बचेंगे।



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल एवं प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने शनिवार को पंचमढ़ी स्थित अटल वाटिका में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत पौधरोपण किया।

## भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा को हुआ कोरोना, अस्पताल में हुए भर्ती



**इंदौर।** एक बार फिर से कोरोना संक्रमण के मामलों में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। शुक्रवार को कुल 16 नए कोरोना पॉजिटिव केस सामने आए, जिनमें इंदौर बीजेपी के नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा का नाम भी शामिल है। इन नए मामलों के साथ अब तक कुल 104 लोग कोरोना की चपेट में आ चुके हैं।

**सुमित मिश्रा की हालत स्थिर, जुपिटर हॉस्पिटल में भर्ती–** बीजेपी के मीडिया सह प्रभारी नितिन द्विवेदी के अनुसार, नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा को जुपिटर हॉस्पिटल में भर्ती किया गया है। डॉक्टरों ने मिश्रा की विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी जांचें कीं, जिनमें उनकी कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव पाई गई। राहत की बात यह है कि फिलहाल उनकी हालत स्थिर है और डॉक्टरों की निगरानी में हैं।

NEET UG 2025 रिजल्ट जारी

## राजस्थान के महेश की पहली, एमपी के उत्कर्ष की सेकंड रैंक आई

**नई दिल्ली।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) ने NEET UG 2025 का रिजल्ट शनिवार को जारी कर दिया। राजस्थान के हनुमानगढ़ के महेश केसवानी टॉप किया है। एमपी के इंदौर के उत्कर्ष अवधिया की सेकेंड और एमपी के कृषांग जोशी ने तीसरी रैंक जारी की है। टॉप 10 में राजस्थान के 4 स्टूडेंट्स शामिल हैं। इनमें से 3 स्टूडेंट्स कोटा के हैं। कैंडिडेट्स NTA की ऑफिशियल वेबसाइट exam.nta.ac.in/NEET पर लॉग इन करके NEET रिजल्ट 2025 डाउनलोड कर सकते हैं। इसके अलावा रिजल्ट neet.ntaonline.in या exam.nta.ac.in पर भी देखा जा सकता है।



उत्कर्ष अवधिया

**75 छात्रों का रिजल्ट नहीं जारी होगा–** इंदौर के सेंटर्स पर NEET UG परीक्षा देने वाले 75 कैंडिडेट्स ने शिकायत की थी कि 4 मई को आंधी-तूफान और बिजली चली जाने की वजह से उनका पेपर बिगड़ गया। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बेंच में दायर याचिकाओं पर 9 जून को सुनवाई हुई।

कोर्ट ने कहा है कि NTA इन 75 कैंडिडेट्स को छोड़कर बाकी सभी का रिजल्ट जारी कर सकता है। इन 75 छात्रों का रिजल्ट बाद में जारी किया जाएगा। इसके बाद NEET UG 2025 की फाइनल मेरिट बनेगा।

## इजराइल-ईरान में 8 घंटे भीषण लड़ाईः इजराइल ने परमाणु ठिकानों पर फिर हमला बोला, जवाब में ईरान ने 150 मिसाइलें दागीं

**तेहरान/तेल अवीव (एजेंसी)।** इजराइल ने शुक्रवार देर रात भारतीय समयानुसार करीब 10~30 बजे ईरान पर एयरस्ट्राइक की। इजराइली फाइटर जेट्स ने ईरान के परमाणु ठिकानों को दोबारा निशाना बनाया। इन हमलों में ईरान के 78 लोग मारे गए और 350 से ज्यादा घायल हुए।

जवाब में ईरान ने 150 बैलिस्टिक मिसाइलें इजराइल की ओर दागीं। इनमें से 6 मिसाइलें राजधानी तेल अवीव में गिरीं, जिसमें 2 लोगों की मौत हो गई। वहीं, 90 से ज्यादा लोग घायल हो गए। ईरानी मीडिया रिपोर्ट्स में इजराइली रक्षा मंत्रालय को भी निशाना बनाने का दावा किया गया। यह हमले भारतीय समयानुसार शनिवार सुबह करीब 7~15 बजे तक जारी रहे। ईरान की ओर से हमले की आशंका के चलते इजराइली क्करू बेंजामिन नेतन्याहू को सुरक्षित ठिकाने पर शिफ्ट कर दिया गया था।



मध्यप्रदेश-राजस्थान में एनआईए की बड़ी छापेमारी

## आतंकियों को लेकर भोपाल में 3- झालावाड़ में 2 जगह पर रेड

**भोपाल।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने आतंकी साजिश को लेकर मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में तीन स्थानों पर और राजस्थान के झालवाड़ में दो स्थानों पर छापे मारे हैं। हिज्ब-उत-तहरीर (एचयूटी) संगठन से जुड़े लोगों पर यह एक्शन लिया गया है। इस दौरान एनआईए द्वारा कुछ डिजिटल डिवाइस भी जब्त किए जाने की सूचना है।

जानकारी के मुताबिक हिज्ब-उत-तहरीर संगठन देश में सरकार को हटाकर इस्लामिक




स्टेट स्थापना की साजिश रच रहा था। ये कमजोर वर्ग के मुस्लिम युवाओं का ब्रैनवॉश का काम कर रहे थे। युवाओं को कट्टरपंथी बनाने की साजिश रची जा रही थी।

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की भोपाल टीम ने राजस्थान के झालावाड़ में एक कपड़ा व्यापारी के मकान-दुकान पर शनिवार सुबह एक साथ छापेमारी की है। एनआईए सूत्रों के अनुसार राजस्थान के झालावाड़ जिले के मनोहर थाना क्षेत्र में काजी चौक जामा मस्जिद के पास स्थित एक प्रतिष्ठित व्यापारी के मकान और दुकान पर छापा मारा है। एनआईए के साथ सुरक्षा में स्थानीय पुलिस को भी शामिल किया गया है।

मेघालय पुलिस ने कहा-

## सोनम को अपने किए पर पछतावा नहीं

**इंदौर (एजेंसी)।** इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी हत्याकांड में हर दिन नए-नए खुलासे हो रहे हैं। इस हत्याकांड में राजा की पत्नी सोनम रघुवंशी और उनके प्रेमी राज कुशवाहा की भूमिका मुख्य है। राजा की हत्या के मामले में जांच कर रही मेघालय पुलिस लगातार पत्नी सोनम रघुवंशी समेत अन्य आरोपियों से लगातार पूछताछ कर रही है। पुलिस की जांच में कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। अब पुलिस आज (शनिवार) को भी सभी आरोपियों से पूछताछ करेगी। इधर, इंदौर में राजा के मोहल्ले के लोग इस घटना से स्तब्ध हैं और सोनम के घर के पास चुप्पी पसरी हुई है। वहीं राजा हत्याकांड में राजा के भाई सचिन ने नार्को टेस्ट की मांग की है।



**मोबाइल फोन बना जांच की सबसे अहम कड़ी:** मेघालय पुलिस की जांच में यह खुलासा हुआ है कि राजा की पत्नी सोनम रघुवंशी और उनके प्रेमी राज कुशवाहा ने मिलकर इस जघन्य अपराध की साजिश रची थी। आरोपियों से पूछताछ में मेघालय पुलिस को अब इस बात का जवाब नहीं मिल पाया है कि राजा की हत्या करने के बाद सोनम ने उसके दोनों मोबाइल कहां फेंके हैं? राजा की गोल्ड चेन और अंगूठी को लेकर पुलिस के सवालों का जवाब भी सोनम नहीं दे रही है।

### पूछताछ का तीसरा दिन, आरोपियों का आमना-सामना

पूछताछ का आज शनिवार तीसरा दिन है, आज पुलिस आरोपियों सोनम, राज और अन्य दो लोगों का आमना-सामना करा सकती है। पुलिस ने दावा किया है कि 90 दिन के भीतर चार्जशीट कोर्ट में प्रस्तुत की जाएगी। पुलिस का फोकस अब डिजिटल सबूतों की फॉरेंसिक जांच और बाकी दो मोबाइल की बरामदगी पर है। अब तक की जांच में सामने आया है कि सोनम का प्रेमी राज कुशवाहा ही हत्या का मास्टरमाइंड है, पति राजा के मर्डर में सोनम बराबर की हिस्सेदार है।हत्या के मामले में राजा के बड़े सचिन भाई ने सोनम और राज के नार्को टेस्ट की मांग की है ताकि सच्चाई सामने आ सके। राजा के भाई का कहना है कि इस हत्याकांड का पूरा सच उजागर करने के लिए सोनम रघुवंशी और राज कुशवाहा का नार्को टेस्ट कराया जाना चाहिए।

## हृदय और मस्तिष्क का द्वंद्व जीवन का सही निर्णय



युवावस्था में अक्सर एक मोड़ आता है जब अपनी रुचि और आजीविका का प्रश्न एक दूसरे को तिर्यक बन काटने लगते हैं। ऐसे में स्वयं का परीक्षण करना आवश्यक है। अपने स्वभाव को समझिए कि आपके भीतर बुद्धि की प्रधानता है या भावना की। आपके भीतर सांसारिक सफलताओं की आकांछाएं हैं या आत्मसंतुष्ट रहने की प्रवृति है। ऐसा न हो कि जीवन भर पछतावे के साथ जीना पड़े कि जब हृदय और मस्तिष्क में से एक चुनाव करना था, तब सही निर्णय नहीं कर पाए। वास्तव में, हृदय और मस्तिष्क में समन्वय बेहद आवश्यक है। हृदय अनंत हो, परंतु विचार बुद्धि निश्चित परिमाण में कार्य अवश्य करे।







भोपाल। अहमदाबाद विमान हादसे में मृत लोगों को जिला कांग्रेस सहित कई संगठनों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

### उप निर्वाचन का कार्यक्रम घोषित, मतदान 7 जुलाई को

भोपाल। मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा 9 नगरीय निकायों में एक-एक पार्षद के उप निर्वाचन का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। उप निर्वाचन के लिये मतदान 7 जुलाई 2025 को होगा। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग श्री अभिषेक सिंह ने जानकारी दी है कि निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन और नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने का कार्य 16 जून से शुरू होगा। नाम निर्देशन पत्र 23 जून, 2025 तक लिये जायेंगे।

**लेजर लाइट से विमान लैंडिंग में बाधा**

# भोपाल एयरपोर्ट के 10 किमी दायरे में 27 मैरिज गार्डन को नोटिस

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

गुजरात के अहमदाबाद में हाल ही में हुए विमान हादसे के बाद भोपाल प्रशासन ने राजा भोज एयरपोर्ट की सुरक्षा को लेकर बड़ा कदम उठाया है। बैरागढ़ क्षेत्र में एयरपोर्ट के 10 किलोमीटर के दायरे में आने वाले 27 मैरिज गार्डनों को तेज रोशनी और लेजर लाइट के उपयोग को लेकर नोटिस थमाए गए हैं।

गुजरात के अहमदाबाद में हुए विमान हादसे के बाद भोपाल में सुरक्षा को लेकर बड़ा कदम उठाया गया है। राजा भोज एयरपोर्ट के 10 किलोमीटर के दायरे में आने वाले 27 मैरिज गार्डनों को नोटिस थमाए गए हैं। आरोप है कि ये गार्डन शादी समारोहों में लेजर लाइट और तेज रोशनी का इस्तेमाल कर रहे थे, जिससे विमान लैंडिंग के समय पायलटों को दिक्कत हो रही थी। बैरागढ़ एसडीएम रविशंकर राय ने शुक्रवार को यह नोटिस जारी किए। नोटिस में बताया गया कि कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह द्वारा 9 अप्रैल 2025 को भारतीय नागरिक सुरक्षा अधिनियम की धारा 163 के तहत आदेश जारी किया गया था, जिसमें मुबारकपुर चौराहा से संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़) तक के क्षेत्र में लेजर बीम, हाई इंटेंसिटी लाइट और स्काई फायर वर्क्स के उपयोग पर रोक लगाई गई थी। इसके बावजूद ये गतिविधियां की




### पांच अवैध मांस दुकानें सील

कलेक्टर कौशलेंद्र सिंह ने नगर निगम कमिश्नर हरेंद्र नारायण को निर्देश दिए कि नियमित निरीक्षण कर दोषियों पर तत्काल कार्रवाई हो। नगर निगम की टीमों ने शुक्रवार को कार्रवाई करते हुए एयरपोर्ट क्षेत्र, सीटीओ और बैरागढ़ इलाके में पांच अवैध मांस दुकानों को सील किया। निगम कमिश्नर ने सभी अमलों को निर्देश दिए हैं कि निरीक्षण और कार्रवाई लगातार की जाए।

### नहीं माने तो होगी कार्रवाई

एयरपोर्ट डायरेक्टर रामजी अवस्थी बताया कि लेजर बीम और तेज लाइट के कारण विमानों की लैंडिंग में दिक्कतें आ रही हैं। एसडीएम राय ने गार्डन संचालकों से मुलाकात कर उन्हें सख्त हिदायत दी। उन्होंने कहा कि यदि नियमों का उल्लंघन दोहराया गया तो गार्डनों को सील कर दिया जाएगा। इसके लिए नियमित रूप से जांच टीमें तैनात रहेंगी।

## मिठी में आयोजित कॉमन योगा प्रोटोकॉल कार्यक्रम में 300 छात्राओं ने लिया भाग





संत हिरदाराम नगर। मिठी गोबिन्दराम पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को कॉमन योगा प्रोटोकॉल आयोजित किया गया। जिसमें लगभग 300 छात्राएं सम्मिलित हुई। इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रिटायर्ड प्रशासनिक अधिकारी सभाजीत यादव एंव एनआईएन प्रतिनिधि के रूप में डॉ. गीता शर्मा एसोसिडेट प्रोफेसर मौजूद रही। मंच पर शहीद हेमू कालाणी ऐजूकेशनल सोसाइटी के सचिव धनश्याम बूलचंदानी व महाविद्यालय के निदेशक हीरो ज्ञानचंदानी एवं प्राचार्य प्रो. डॉ. अंकेश सिंह भी मौजूद थे। अपने उद्बोधन में डॉ. गीता शर्मा ने कहा कि इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम है वन अर्थ वन हेल्थ इस आधार पर योग को आर्कषित व रोचक बनाने के लिए एनआईएन की बहुत सारी गतिविधियॉ अलग-अलग शहरों में आयोजित की जा रही है, मुख्य अतिथि सभाजीत यादव अपने उद्बोधन में योग के यम और नियम का महत्व बताते हुए कहा कि यदि हम पूर्ण सम्पर्ण भाव से इसका पालन करते हैं तो प्रगति के और अग्रसर होते है। कार्यक्रम में छात्राओं के द्वारा संगीतमय योग प्रस्तुति भी की गई।



## कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने किया कोलार तहसील न्यायालयों का निरीक्षण

**भोपाल।** कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने शुक्रवार को तहसील कोलार कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने तहसील के तीनों कोर्ट - तहसीलदार, नायाब तहसीलदार एवं अनुविभागीय अधिकारी कोर्ट का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर सिंह ने आरसीएमएस प्रकरणों का मिलान कर अधिकारियों को समय-सीमा में समस्त प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी प्रकरण विधिवत पंजीबद्ध हों, कोई भी प्रकरण बिना पेशी के ना हो तथा पारित आदेशों का तत्काल अमल कर खसरे में दर्ज करते हुए आवेदक को निःशुल्क प्रति प्रदान की जाए।रिकॉर्ड रूम की अव्यवस्थित स्थिति पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त की और नवीन तहसील कार्यालय भवन का निरीक्षण कर रिकॉर्ड रूम को सुव्यवस्थित करने के निर्देश दिए। उन्होंने रेरा प्रकरणों में शीघ्र कार्रवाई कर वसूली सुनिश्चित करने तथा उच्च न्यायालय एवं सिविल न्यायालय के प्रकरणों में समय पर जवाब/दावा प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

## पॉक्सो मामले में आरोपी पिता को कोटे से मिली दोषमुक्ति

**भोपाल।** मप्र हाईकोर्ट ने एक साल एक माह की बच्ची से दुराचार मामले में पिता की आजीवन कारावास की सजा को निरस्त किया। कोर्ट ने कहा कि अभियोजन पक्ष आरोप साबित नहीं कर सका और बयानों में विरोधाभास हैं। आरोपी को संदेह का लाभ मिला, इसलिए ट्रायल कोर्ट की सजा रद्द की गई। भोपाल जिला न्यायालय ने एक साल एक माह की बच्ची के साथ दुराचार करने के मामले में आरोपी पिता को आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया था। इसके खिलाफ दायर की गई अपील की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट जस्टिस विवेक अग्रवाल तथा जस्टिस देव नारायण मिश्रा की युगलपीठ ने पिता की सजा को निरस्त कर दिया है। युगलपीठ ने अपने अहम आदेश में कहा है कि पॉक्सो एक्ट की धारा 29 तथा 30 के तहत सबूत का बोझ आरोपी पर स्थानांतरित नहीं किया जा सकता है। भोपाल जिला न्यायालय द्वारा पॉक्सो एक्ट के तहत 20 साल के कारावास की सजा से दंडित किए जाने को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में अपील दायर की गई थी। अभियोजन के अनुसार गांधी नगर भोपाल निवासी महिला ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि वह बाथरूम गई थी और वापस आकर देखा कि उसका पति बेटी के साथ अश्लील हरकत कर रहा था। वह दूसरे दिन बच्ची को लेकर डॉक्टर के पास गई थी। डॉक्टर ने जांच में पुष्टि की। इसके बाद उन्होंने महिला को चाइल्ड हेल्पलाइन से मदद लेने की सलाह दी थी।

इसके बाद पीड़ित की मां ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई थी। मेडिकल जांच में लेबिया मेजोरा, पेरिवुल्वल क्षेत्र, पेरिनियल क्षेत्र और कमर क्षेत्र पर सतही घर्षण के निशान थे। मेडिकल विशेषज्ञों के अनुसार पीड़िता को लगी चोटें पेपर नैपकिन या डिपर के इस्तेमाल से नहीं हो सकतीं। अपीलकर्ता के सैंपल लेकर एफएसएल जांच के लिए भेजे गए थे, जो बच्ची के सैंपल से नहीं मिलते थे। युगलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि पॉक्सो की धारा 29 और 30 (2) से अभियोजन पक्ष को साक्ष्य अधिनियम की धारा 101 और 102 के तहत सबूत के बोझ से पूरी तरह से राहत नहीं मिलती है। केवल अभियुक्त पर भार डालकर अभियोजन पक्ष का बोझ कम हो जाता है। अभियुक्त पर आरोपों के हटाने का दायित्व तभी होगा, जब अभियोजन पक्ष सबूत के मानक का पालन करके आरोप स्थापित करने में सफल हो जाता है।

## नो टोबैको कॉन्क्लेव में रोशनी तिवारी ने मारी बाजी, जीती ओपन स्पीच प्रतियोगिता



**संत हिरदाराम नगर।** यंग इंडियंस भोपाल चैप्टर द्वारा ग्लोबल वेलफेयर स्माइल फाउंडेशन वर्ल्ड नो टोबैको डे के अवसर पर आयोजित मुक्त एंटी-टोबैको कॉन्क्लेव में संत हिरदाराम इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट फॉर विमेन की छात्रा रोशनी तिवारी ने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया और ओपन स्पीच प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाना था। रोशनी तिवारी ने अपने प्रेरणादायक भाषण में न केवल तंबाकू से होने वाले शारीरिक और मानसिक नुकसानों पर प्रकाश डाला, बल्कि इसके सामाजिक प्रभावों को भी बेहतरीन तरीके से प्रस्तुत किया। कॉन्क्लेव में शहर के विभिन्न कॉलेजों के विद्यार्थियों ने भाग लिया और स्वस्थ समाज की दिशा में मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। यह कार्यक्रम कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति से सुशोभित रहा, जिनमें राजेंद्र शुक्ला उपमुख्यमंत्री, जगदीश देवड़ा उपमुख्यमंत्री, आलोक शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष, मालती राय भोपाल महापौर, मनीषा आनंद मिसेज इंडिया 2024, साथ ही अन्य जनप्रतिनिधि, स्वास्थ्य विशेषज्ञ और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल थे।

## नवनिध में स्कूलों में लैंगिक संवेदनशीलता विषय पर विशेष शिक्षक उन्मुखीकरण सत्र आयोजित



**संत हिरदाराम नगर।** शहीद हेमू कालानी एजुकेशनल सोसाइटी द्वारा संचालित नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल के सभागार में एक विशेष शिक्षक उन्मुखीकरण सत्र का आयोजन किया गया। यह सत्र स्कूलों में लैंगिक संवेदनशीलता विषय पर केंद्रित था। सत्र की विशेषज्ञ वक्ता सागर पब्लिक स्कूल की उपप्राचार्य रितिशा गुप्ता एवं बाल भारती पब्लिक स्कूल की उपप्राचार्य डॉ. सकीना नायडू रहीं। अपने प्रेरणादायक संबोधन में उन्होंने विद्यालयों को लैंगिक समता और संवेदनशीलता का सशक्त मंच बनाना आवश्यक बताया।

रितिशा गुप्ता ने कहा कि शिक्षकों को शिक्षण भाषा में लैंगिक रूढ़ियों से मुक्त अभिव्यक्तियाँ अपनानी चाहिए एवं पाठ्यक्रम में सभी लिंगों का संतुलित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रयास में केवल विद्यालय ही नहीं, अभिभावकों और समाज की भी सक्रिय भागीदारी ज़रूरी है। सत्र में मानसिक स्वास्थ्य के विषय पर भी सारगर्भित चर्चा हुई। वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि मानसिक स्वास्थ्य केवल बीमारी की अनुपस्थिति नहीं, बल्कि भावनात्मक, सामाजिक एवं मनोवैज्ञानिक संतुलन की स्थिति है। सत्र का एक विशेष खंड ट्रांसजेंडर समुदाय की स्थिति और अधिकारों पर केंद्रित रहा। डॉ. सकीना नायडू ने कहा कि ट्रांसजेंडर व्यक्ति समाज का अभिन्न अंग हैं और उन्हें भी शिक्षा, सम्मान और अवसर में समानता मिलनी चाहिए। लिंग पहचान के आधार पर किसी भी प्रकार का भेदभाव अस्वीकार्य है। उन्होंने शिक्षकों को सुझाव दिया कि 'ष्पाठ योजना बनाते समय, शिक्षण विधियों और कक्षा गतिविधियों के चयन में यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक विद्यार्थी को सोचने, समझने और भाग लेने का समान अवसर प्राप्त हो।

### पात्र हितग्राहियों को प्रति माह 2.90 लाख मीट्रिक टन निःशुल्क खाद्यान्न वितरण

**भोपाल।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत प्रदेश में 5 करोड़ से अधिक पात्र हितग्राहियों को प्रति माह लगभग 2 लाख 90 हजार मीट्रिक टन निःशुल्क खाद्यान्न वितरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सभी 27 हजार 944 उचित मूल्य दुकानों में पीओएस मशीन स्थापित की जा चुकी हैं। मंत्री श्री राजपूत ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि पात्र हितग्राहियों को खाद्यान्न प्राप्त करने में किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए।



उचित मूल्य दुकानों में परिवार के किसी भी सदस्य द्वारा बायोमेट्रिक सत्यापन/ओटीपी के माध्यम से राशन प्राप्त किया जा सकता है। अशक्त एवं दिव्यांगजनों के लिये नॉमिनेशन की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। इसके तहत यह लोग जिस व्यक्ति को नामांकित कर देते हैं, उन्हें खाद्यान्न प्रदान किया जाता है। राशन वितरण की सूचना हितग्राही को एसएमएस के माध्यम से भी देने का प्रावधान है। प्रदेश में लगभग 653 उचित मूल्य दुकानें शेडो एरिया में हैं, यहां पर समग्र परिवार आईडी के माध्यम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की मध्यप्रदेश मेट्रो रेल परियोजना की समीक्षा कर दिए निर्देश

# मेट्रो रेल परियोजना के कार्य गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण करें : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में मेट्रो रेल परियोजना के कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से समय-सीमा का ध्यान रखते हुए पूरे किए जाएं। भोपाल और इंदौर मेट्रो रेल परियोजना के कार्य प्राथमिकता से पूरे किए जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण और अन्य संबंधित विभागों से समन्वय बनाकर कार्य करें, जिससे कार्य के दौरान कोई कठिनाई नहीं आए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में मध्यप्रदेश मेट्रो रेल परियोजना की समीक्षा कर रहे थे।



भोपाल मेट्रो रेल परियोजना को नवंबर 2018 में मंजूरी दी गई। भोपाल मेट्रो की दोनों लाइन की कुल वास्तविक लंबाई लगभग 30 किलोमीटर है और इसके 30 स्टेशनों में ये 2 भूमिगत स्टेशन शामिल हैं। जिसकी लागत 10 हजार 033 करोड़ रूपए अनुमानित है। शुरुआत में यहां 3 कार वाली कुल 27 ट्रेन संचालित होंगी। भविष्य में मेट्रो की कार संख्या बढ़ाकर 6 की जा सकती है। ऑरेंज लाइन-करोंद चौराहा से एम्स साकेत नगर तक और ब्लू लाइन- भदभदा चौराहा से रत्नागिरी तिराहा तक होगी। मेट्रो डिपो सुभाष नगर में स्थापित होगा। भोपाल मेट्रो के पहले फेज (पुल बोगदा से एम्स तक) का कार्य अगस्त 2025 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसकी लंबाई 7 किलोमीटर और स्टेशनों की संख्या 8 है। वहीं, दूसरे फेज में करोंद चौराहा से पुल बोगदा तक 9 किलोमीटर में 6 स्टेशन बनाए जाएंगे इनमें से 2 स्टेशन जमीन के नीचे बनाए जाएंगे। भोपाल मेट्रो के तीसरे फेज में भदभदा चौराहा से रत्नागिरी तिराहा तक 14.16 किलोमीटर में मेट्रो ट्रैक बनाया जाएगा, जिसमें कुल 14 एलिवेटेड स्टेशन निर्मित किए जाएंगे। भोपाल मेट्रो के दूसरे और तीसरे फेज का निर्माण कार्य जून 2028 तक पूर्ण करने का लक्ष्य है। यहां पुल बोगदा ऑरेंज और ब्लू लाइन का इंटरचेंज स्टेशन होगा। पूर्व में सुभाष नगर से रानी कमलापति स्टेशन के बीच मेट्रो की टेस्टिंग अक्टूबर 2023 में की जा चुकी है।

## इंदौर मेट्रो रेल परियोजना

राज्य सरकार ने इंदौर मेट्रो ट्रेन परियोजना को नवंबर 2018 में स्वीकृति प्रदान की थी। इस परियोजना की कुल लंबाई 31 किलोमीटर से अधिक है, 7 भूमिगत सहित जिसमें कुल 28 स्टेशन बनाए गए हैं। यहां पहले फेज में 3 कार वाली ट्रेन की शुरुआत हो चुकी है। आगामी वर्षों में मेट्रो ट्रेन बढ़ाकर 25 और मेट्रो कार संख्या आवश्यकतानुसार 6 तक बढ़ाई जा सकती है। इंदौर मेट्रो परियोजना की कुल लागत 12 हजार 088 करोड़ रूपए अनुमानित है। यलो लाइन के प्रमुख स्टेशन- गांधी नगर, आईएसबीटी, विजय नगर चौराहा, पत्रकार कॉलोनी, रेलवे स्टेशन, राजवाड़ा, बड़ा गणपति, एयरपोर्ट हैं। मेट्रो डिपो गांधी नगर में स्थापित होगा।

इंदौर मेट्रो के पहले फेज (रीच 1) में गांधीनगर से सुपर कॉरिडोर 3 के बीच 6.3 किलोमीटर में मेट्रो का संचालन शुरू हो चुका है, जिसका उद्घाटन 31 मई 2025 को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया गया। इस फेज में मेट्रो स्टेशनों की संख्या 5 है। पहले फेज के रीच 2 में सुपर कॉरिडोर से मालवीय नगर चौराहा के बीच लगभग 11 किलोमीटर लंबाई में 11 स्टेशन बनकर तैयार होंगे। इस कार्य की डेडलाइन अक्टूबर 2025 रखी गई है। इसी प्रकार इंदौर मेट्रो के दूसरे फेज में मालवीय नगर चौराहा से पलासिया चौराहा तक 5.34 किलोमीटर ट्रैक बनाया जाएगा इसमें 5 एडिवेटेड स्टेशन होंगे। इस फेज में कार्य पूर्ण होने का लक्ष्य दिसंबर 2027 रखा गया है। तीसरे फेज में पलासिया चौराहा से गांधीनगर तक 8.70 किलोमीटर भूमिगत ट्रैक निर्माण किया जाएगा। यहां अंडरग्राउंड स्टेशनों की संख्या 7 होगी। इस फेज का निर्माण कार्य दिसंबर 2028 में पूर्ण करने का लक्ष्य है।

## व्यापक गतिशीलता योजना और वैकल्पिक विश्लेषण रिपोर्ट की वर्तमान स्थिति

मेट्रो परियोजनाओं की समीक्षा बैठक में मध्यप्रदेश के भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन एवं जबलपुर शहरों के लिए व्यापक गतिशीलता योजना और वैकल्पिक विश्लेषण रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जिसमें बताया गया कि परियोजनाएं अनुमोदन के विभिन्न चरणों में हैं। भोपाल-सीएमपी और एएआर प्रस्तुत एमआरटीएस कॉरिडोर प्रस्तावित हितधारकों को प्रस्तुत किया जाना है। इंदौर- सीएमपी और एएआर एमआरटीएस मेट्रो कॉरिडोर भी प्रस्तावित किए गए हैं। ग्वालियर- सीएमपी और एएआर और हितधारकों द्वारा अनुमोदित एमआरटीएस लाइट मेट्रो कॉरिडोर भी प्रस्तावित किए गए हैं। उज्जैन और जबलपुर- सीएमपी और एएआर हितधारकों को प्रस्तुत किया जाना है। राज्य शासन के अनुमोदन के बाद प्रस्तावित मेट्रो कॉरिडर के डीपीआर तैयार किए जाने के प्रक्रिया की जाएगी। बैठक में नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव नगरीय विकास एवं आवास संजय कुमार शुक्ला, अपर मुख्य सचिव वित्त मनीष रस्तोगी तथा अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# दूसरे दिन भी हज यात्रियों की वापसी जारी

## भोपाल एयरपोर्ट पर उतरी 109 हाजियों की फ्लाइट

**भोपाल।** हज यात्रा 2025 से लौट रहे मध्यप्रदेश के यात्रियों की वापसी का सिलसिला जारी है। शनिवार सुबह करीब 5-46 बजे जेद्दाह से आई दूसरी फ्लाइट भोपाल एयरपोर्ट पर उतरी, जिसमें 109 हाजी सवार थे। इनमें बड़ी संख्या में महिलाएं और बुजुर्ग भी शामिल रहे। राज्य हज समिति और जिला प्रशासन की ओर से यात्रियों के स्वागत के लिए विशेष इंतजाम किए गए थे। इससे पहले शुक्रवार को पहली फ्लाइट भोपाल पहुंची थी, जिसमें 160 हाजियों की वापसी हुई थी। दो दिन में कुल 269 यात्री मक्का से हज यात्रा पूरी कर लौट चुके हैं।



### हाजियों का गुलदस्तों से किया स्वागत

शनिवार को पहुंचे यात्रियों का एयरपोर्ट पर गुलदस्तों से स्वागत किया गया। परिजन, रिश्तेदार और समाजजन बड़ी संख्या में अपने अजीजों को लेने एयरपोर्ट पहुंचे। यात्रियों की सुविधा के लिए हज समिति ने पेयजल, व्हीलचेयर, दवा वितरण और अन्य जरूरी इंतजाम किए हैं। राज्य हज कमेटी के अध्यक्ष रफत वारसी के अलावा वक्फ बोर्ड के अधिकारी और जिला प्रशासन के प्रतिनिधि मौके पर मौजूद रहे। यात्रियों को हज की मुबारकबाद देते हुए कहा गया कि इस बार राज्य से 8,300 हाजी रवाना हुए थे।

जल संरक्षण के क्षेत्र में प्रदेश को बड़ी सफलता

# खंडवा बना देश-प्रदेश का टॉप जिला राज्यों में मप्र देश में चौथे नंबर पर



**भोपाल।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान मध्यप्रदेश में जल संरक्षण के संकल्प के लिये जन-सहभागिता जुटाने में एक ऐतिहासिक पहल सिद्ध हुआ है। यह अभियान 30 मार्च से 30 जून, 2025 तक संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य नदियों, जल स्त्रोतों और वेटलैंड्स का संरक्षण तथा पुनर्जीवन सुनिश्चित करना है। मध्यप्रदेश राज्य रोजगार गारंटी परिषद द्वारा जारी नवीनतम राज्य स्तरीय प्रदर्शन डैशबोर्ड के आकलन के अनुसार खंडवा मध्यप्रदेश में पहले स्थान पर है। इससे पूर्व केन्द्रीय एजेंसी ने जल संरक्षण कार्यों के लिए खंडवा को देश का शीर्ष जिला घोषित किया है। इस सूची में मध्यप्रदेश को चौथे स्थान मिला है। खेत-तालाब निर्माण का लक्ष्य 77,940 तय किया गया था, लेकिन प्रदेश में 79,815 खेत-तालाबों का निर्माण हो रहा है, जो शत प्रतिशत से भी अधिक है। अभियान की अवधि में प्रतिदिन औसतन 1,078 खेत-तालाबों के निर्माण का प्रारंभ किया जा रहा है। डगवेल रिचार्ज संरचनाओं के लिये 1,03,900 के लक्ष्य में से 1,00,321 संरचनाओं का निर्माण जारी है, जो लक्ष्य का 96.56त्न है। प्रदेश में प्रतिदिन औसतन 1,355 डगवेल निर्माण शुरू किया जा रहा है। अमृत सरोवर लक्ष्य 992 के मुकाबले 1,254 निर्मित किये जा रहे हैं। मायभारत पोर्टल पर जलदूत पंजीयन का लक्ष्य 1,62,400 तय किया गया था, जबकि 2,30,749 स्वयंसेवकों का पंजीकरण किया जा चुका है जो लक्ष्य काफी अधिक है। राज्य सरकार ने पाँच प्रमुख क्षेत्रों – पुराने एनआरएम कार्य, खेत-तालाब, डगवेल, अमृत सरोवर और मायभारत पंजीयन – पर आधारित 100 अंकों की रैंकिंग प्रणाली लागू की है। इस आधार पर खंडवा जिला 71.09 अंकों के साथ शीर्ष पर रहा। खेत-तालाब निर्माण, डगवेल रिचार्ज और अमृत सरोवर की शुरुआत में खंडवा का प्रदर्शन सर्वोत्तम रहा। रायसेन (60.85 अंक), बालाघाट (59.52 अंक) और बुरहानपुर (55.85 अंक) क्रमशः दूसरे, तीसरे व चौथे स्थान पर रहे। प्रदेश के अधिकांश जिलों ने अमृत सरोवर और मायभारत श्रेणियों में पूर्ण अंक प्राप्त किए, हैं।

# नियमित रूप से रक्तदान करके मानवता के यज्ञ में बनें भागीदार : उप मुख्यमंत्री शुक्ल

## रक्तदान को जन-आंदोलन बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने वाले टेक्नीशियन राठौड़ की सराहना की





**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि रक्तदान महादान है। रक्तदान से कई ज़िंदगियों का संरक्षण किया जा सकता है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों से अपील की है कि वे अधिकाधिक संख्या में स्वैच्छिक रक्तदान कर इस मानवीय अभियान को सशक्त बनाएं। रक्तदान किसी व्यक्ति को जीवनदान देने जैसा है। उन्होंने आह्वान किया कि रक्तदान को जीवनशैली का हिस्सा बनाएं और नियमित रूप से रक्तदान करके मानवता के इस यज्ञ में भागीदार बनें।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि रक्तदान केवल रक्त नहीं, बल्कि आशा, विश्वास और जीवन का प्रतीक होता है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने अलीराजपुर ब्लड बैंक में कार्यरत टेक्नीशियन श्री परमल सिंह राठौड़ के रक्तदान को जन-आंदोलन बनाने में सक्रिय भूमिका की सराहना की है। उन्होंने कहा कि श्री राठौड़ जैसे समर्पित स्वास्थ्यकर्मी हमारे समाज के सच्चे नायक हैं। वे रक्तदान जागरुकता के वाहक बने। उन्होंने कार्य-निष्ठा, पारदर्शिता और सेवाभाव का जो आदर्श प्रस्तुत किया है, वह सम्पूर्ण स्वास्थ्य तंत्र के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उल्लेखनीय है कि टेक्नीशियन श्री राठौड़ ने अलीराजपुर ब्लड बैंक में समर्पण और अनुकरणीय सेवा से जिले में रक्तदान आंदोलन को नई दिशा दी।

आर्मी की नौकरी छोड़कर स्वास्थ्य विभाग में आए राठौड़ जी ने बीते 5 वर्षों में 18 हज़ार से अधिक यूनिट रक्त की पूर्ति कर, पूरे जिले को रक्तदान के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाया। उन्होंने ब्लड बैंक के लाइसेंस को रिन्यू कराया साथ ही 10 वर्षों से अधिक का रिकॉर्ड डिजिटल रूप में व्यवस्थित किया। चाहे आधी रात हो या दूरस्थ क्षेत्र, उनका पहला कर्तव्य मरीजों को जीवनरक्षक रक्त उपलब्ध कराना रहा।

उनके प्रयासों से एक ही छत के नीचे 700 से अधिक रक्तदाताओं का सफल पंजीकरण और 2,000 यूनिट से अधिक रक्त संग्रह किया गया। इस उपलब्धि से अलीराजपुर ज़िला पूरे प्रदेश में जनहित का उत्कृष्ट उदाहरण बना।

### वर्ष 2024-25 में प्रदेश में 7 लाख 61 हज़ार यूनिट रक्त किया संग्रहित

मध्यप्रदेश में वर्तमान में 67 शासकीय सहित कुल 174 ब्लड सेंटर संचालित हैं। वर्ष 2024-25 में प्रदेश भर में 5,283 रक्तदान शिविर आयोजित किए गए, जिनमें 7 लाख 61 हज़ार यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। इसमें 7,41,460 पुरुषों और 20,323 महिलाओं ने स्वैच्छिक रक्तदान कर समाज को नई ऊर्जा दी। यह संग्रहण गत वर्षों की तुलना में लगभग 2 लाख यूनिट अधिक है, जो प्रदेश की जनजागरूकता और सेवा भावना का प्रमाण है। प्रदेश में गर्भवती महिलाओं, सिकल सेल एनीमिया, थैलेसिमिया, हिमोफिलिया, कैंसर तथा अन्य गंभीर बीमारियों से ग्रसित मरीजों को रिप्लेसमेंट फ्री और निःशुल्क रक्त उपलब्ध कराया जा रहा है। दूरस्थ क्षेत्रों में भी रक्त की सहज उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए 118 ब्लड स्टोरेज यूनिट्स को चिन्हित कर ब्लॉक स्तर पर क्रियाशील किया गया है। साथ ही, संक्रमण के खतरे को कम करने के लिए एनएटी तकनीक द्वारा वर्ष 2024-25 में 84,074 यूनिट रक्त की जांच कर सुरक्षित रक्त उपलब्ध कराया गया। प्रदेश के ब्लड सेंटरों में 25 ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट्स का संचालन भी प्रारंभ किया गया है।

# मध्यप्रदेश मत्स्य पालन के क्षेत्र में देश में अग्रणी भूमिका निभायेगा: राज्य मंत्री पंवार

**ब्रिलियंट कन्वेशन सेंटर में इनलैंड फिशरीज़ एण्ड एक्वाकल्चर मीट आयोजित, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, बिहार सहित विभिन्न राज्यों के मंत्री हुए शामिल**

**भोपाल ।** केन्द्रीय मछुआ पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री श्री राजीव रंजन सिंह ने कहा है कि दुनिया में मछली उत्पादन में भारत का स्थान दूसरा है। मछली उत्पादन मुनाफे का व्यवसाय है जिसमें मछली उत्पादक अपनी आमदनी को कई गुना बढ़ा सकता है। इसके लिए मत्स्य उत्पादकों को शिक्षण और प्रशिक्षण के साथ तकनीकी जानकारी भी देना होगी। साथ ही उन्हें अच्छा बीज भी उपलब्ध कराना होगा। यदि हमें विटामिन और प्रोटीन उत्पादन के क्षेत्र में आगे बढ़ना है, तो हमें मछली उत्पादन को अधिक बढ़ावा देने की जरूरत है। देश में मछली उत्पादन और उत्पादकता को बढ़ावा देने के लिए केन्द्र सरकार की कई ऐसी योजनाएं है, जिसका लाभ उठाकर मछली उत्पादक अपने व्यवसाय को एक नई ऊँचाई दे सकता है। बीते 10 वर्षों में भारत में मछली का उत्पादन 61 लाख टन से बढ़कर 147 लाख टन हुआ है। इसी अवधि में भारत ने मत्स्य उत्पाद का निर्यात 30 हजार करोड़ रुपये से बढ़कर 60 हजार करोड़ रुपये का हो गया है। केन्द्रीय मंत्री श्री राजीव रंजन सिंह आज इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेशन सेंटर में इनलैंड फिशरीज़ एण्ड एक्वाकल्चर मीट के उदघाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में अहमदाबाद में हुई विमान त्रासदी में मृत यात्रियों एवं अन्य को मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

केन्द्रीय मंत्री श्री रंजन ने कहा कि असंगठित क्षेत्रों में जो मछली उत्पादक है, उन्हें संगठित क्षेत्रों में लाना है। मत्स्य सहकारी समितियों को और मजबूत करना होगा। सभी मत्स्य उत्पादकों को किसान क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ लेना चाहिए। केन्द्र सरकार की प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना सहित विभिन्न राज्य सरकार की योजनाएं जैसे मुख्यमंत्री मीनाक्षी योजना, गंभीर बीमारी सहायता योजना, अनुगृह सहायता योजना, शिक्षा प्रोत्साहन योजनाओं का लाभ मत्स्य उत्पादक उठायें। इन योजनाओं के माध्यम से मत्स्य उत्पादक अपने व्यवसाय को कई गुना आगे बढ़ा सकते हैं। मंत्री श्री राजीव रंजन ने कहा कि हर राज्य मत्स्य किसानों को एक विस्तृत कार्य योजना बनाकर एनएफडीबी द्वारा प्रदाय निःशुल्क प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध करायें ताकि मत्स्य उत्पादन और उत्पादकता में बढ़ोतरी हो। उन्होंने आगे कहा कि मत्स्य सहकारी समिति को मजबूत करना हमारा लक्ष्य है। इस हेतु नेशनल फिश डिजिटल पोर्टल में किसानों का पंजीयन करायें।

## पीएमएफएमई पर कार्यशाला आयोजित

**भोपाल।** प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम योजना के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन में डिस्ट्रिक्ट रिसोर्स पर्सन की भूमिका महत्वपूर्ण है। डिस्ट्रिक्ट रिसोर्स पर्सन और बैंक मिलकर योजनाओं के प्रकरणों की स्वीकृति में समन्वय से कार्य करें, जिससे 7 हजार प्रकरण स्वीकृति का लक्ष्य समय-सीमा में प्राप्त किया जा सकें। यह बात अपर मुख्य सचिव उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण अनुपम राजन ने आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी के सभागार में पीएमएफएमई योजनान्तर्गत बैंकर्स और डिस्ट्रिक्ट रिसोर्स पर्सन की संयुक्त कार्यशाला में कहीं। उन्होंने कहा कि राज्य शासन द्वारा जिन राज्यों में पीएमएफएमई योजना में बेहतर कार्य हुआ है।

# किसानों के लिए अच्छी खबर, ग्रीष्मकालीन मूंग और उड़द के उपार्जन के लिए पंजीयन की तारीख घोषित

**भोपाल।** ग्रीष्मकालीन मूंग और उड़द की पैदावार करने वाले मध्य प्रदेश के किसानों के लिए ये अच्छी खबर है, मोंग और उड़द के उपार्जन के लिए सरकार ने पंजीयन की तारीख घोषित कर दी है, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने एक वीडियो मैसेज जारी कर जानकारी दी है कि 19 जून से रजिस्ट्रेशन शुरू किये जा रहे हैं। मध्य प्रदेश के ग्रीष्मकालीन मूंग और उड़द उत्पादक किसानों का इन्तजार और चिंता दोनों ख़त्म हो गए हैं, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज घोषणा की है कि सरकार उनकी उपज का उपार्जन शीघ्र करने जा रही है, इसके लिए पंजीयन की प्रक्रिया 19 जून से शुरू की जा रही है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो सन्देश जारी करते हुए मुख्यमंत्री दो मोहन यादव ने 19 जून से पंजीयन शुरू होने की घोषणा की, उन्होंने कहा कि ग्रीष्मकालीन मूंग और उड़द के उपार्जन को लेकर उनकी केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से बात हुई है, जल्दी ही खरीद शुरू होगी, सरकार इसके लिए प्रस्ताव भेज रही है। सीएम ने कहा कि जिन किसानों ने ग्रीष्मकालीन मूंग और उड़द की पैदावार की है वे अपनी फसल के उपार्जन की तैयारी करें रजिस्ट्रेशन कराएँ।

उन्होंने कहा मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार ने हमेशा किसान हितैषी निर्णय लिए हैं, उन्होंने किसानों से अपील की कि वे अपनी फसल के उपार्जन की तैयारी के साथ सतह अगली फसल तैयारी भी करें, सरकार उसमें भी मदद के लिए खड़ी है।

## पंजीयन शुरू नहीं होने से किसान थे चिंतित

गौरतलब है कि ग्रीष्मकालीन मूंग कम समय में तैयार होने वाली फसद्य है ये पककर तैयार हो चुकी है लेकिन बारिश सिर पर है मानसून आने वाला है और सरकार ने अब तक इसकी खरीद केलिए पंजीयन शुरू नहीं किये थे जिससे किसान चिंतित था और सरकार से रजिस्ट्रेशन शुरू कर उपार्जन शुरू करने की मांग कर रहा था।

## नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने की थी ये मांग

इधर कांग्रेस ने भी किसानों की मांग का समर्थन करते हुए सरकार से सवाल किये थे, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार लगातार सरकार से पंजीयन शुरू करने और खरीद करने के लिए पत्र लिख रहे थे, उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को कई पत्र लिखे हैं जिसमें उपज को एमएसपी पर शीघ्र खरीदने का अनुरोध किया है।

## कृषि उत्पादन आयुक्त ने किया था मूंग खरीदने से इंकार

गौरतलब है कि कुछ दिन पहले ही कृषि उत्पादन आयुक्त अशोक वर्णवाल ने मूंग की फसल को समर्थन मूल्य पर खरीदे जाने को लेकर साफ इंकार कर दिया था। उन्होंने कहा था कि मूंग की फसल में पेस्टीसाइड काफी मात्रा में इस्तेमाल हो रहे हैं और यह जहरीली हो चुकी है, इसीलिए समर्थन मूल्य पर सरकार खरीदी नहीं करेगी।

## किसान संघ ने किया था बयान का कड़ा विरोध

कृषि उत्पादन आयुक्त अशोक वर्णवाल के बयान से किसानों में असंतोष बढ़ने लगा था, वहीं भारतीय किसान संघ ने भी इस बयान का विरोध किया था, संघ से जुड़े होने के बावजूद भारतीय किसान संघ सरकार के विरोध में आ गया था और घोषणा की थी कि यदि समर्थन मूल्य पर खरीदी नहीं हुई तो वे मुख्यमंत्री का घेराव करेंगे। बहरहाल अब मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने सामने से आकर रजिस्ट्रेशन की तारीख शुरू की है ये किसानों एक हित में एक अच्छा फैसला माना जा रहा है।



## संपादकीय

# आतंकवाद पर भारत का नेतृत्व स्वीकार

जो 'भारत-दूत' देश की नीतियों और सोच, आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई का संकल्प प्रस्तुत करने विदेश गए थे, वे स्वदेश लौट आए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने उनसे मुलाकात की और उनके अनुभवों को सुना। यह मुलाकात और संवाद ही लोकतंत्र की सच्ची विविधता है। लगभग सभी प्रमुख राजनीतिक दलों के सांसद, पूर्व विदेश मंत्रियों के अलावा, वरिष्ठ राजनयिक भी विदेशों में भेजे गए थे। उन्हें 'भारतदूत' का विशेषण दिया गया, क्योंकि वे विदेश में भारत के ही चेहरे थे। उनकी यही राष्ट्रीय पहचान थी। राजनीतिक पहचान गौण हो चुकी थी। कुल 7 प्रतिनिधि मंडलों में 59 सांसद और राजनयिक थे, जिन्होंने 33 देशों का प्रवास किया। भारत ने यह कूटनीतिक प्रयोग पहली बार किया, जो अपनी बात रखने में कामयाब रहा। किसी भी देश ने भारत का विरोध नहीं किया। यह भी तथ्य सामने आया कि संयुक्त राष्ट्र के 193 सदस्य देशों में से कमोबेश 100 देश ऐसे हैं, जिन्होंने भारत की तरह ही आतंकवाद का दंश झेला है। उनमें 'ग्लोबल साउथ' के अफ्रीकी देश भी हैं, जिनका आतंकवाद शेष विश्व ने साझा नहीं किया है, लिहाजा उन्होंने आतंकवाद पर भारत का नेतृत्व स्वीकार करने की बात कही। अमरीका समेत प्रमुख यूरोपीय देशों ने भारत के पक्ष का समर्थन किया, लेकिन देश में अलग ही व्याख्याएं की जा रही हैं। बहरहाल बुनियादी मुद्दा पाकपरस्त आतंकवाद का था, जिसके कारण 'ऑपरेशन सिंदूर' तक की नौबत आई। हालांकि भारत अब भी मानता है कि संघर्ष दो देशों और उनकी अवाम के बीच नहीं है। वह आतंकवाद को मिट्टी में मिलाने का ऑपरेशन था। हमारे 'भारतदूतों' ने विदेश में राजनीतिक नेतृत्व, नागरिक समाज, थिंक टैंक, उद्योग जगत के नेतृत्व और भारतीय प्रवासी समुदाय आदि से मुलाकातें कीं।

भारत को जवाबी कार्रवाई करनी पड़ी, नतीजतन पाकिस्तान के संवेदनशील, महत्वपूर्ण एयरबेस, रनवे, रडार एवं एयर डिफेंस सिस्टम तबाह कर दिए गए। उसके बाद कथित संघर्ष-विराम घोषित कर दिया गया। सैन्य कार्रवाई विराम को अब एक माह बीत चुका है, लेकिन विपक्ष अब भी वही सवाल रट रहा है- पहलगाम नरसंहार के आतंकी कहां फरार हो गए? वे 'अमरनाथ यात्रा' के दौरान भी हमला कर सकते हैं! मोदी सरकार की विदेश नीति नाकाम साबित हुई, लिहाजा 'भारतदूत' के रूप में विपक्षी सांसदों, नेताओं को विदेश भेजना पड़ा? संसद का मॉनसून सत्र अभी काफी दूर है, लिहाजा सरकार एक और बार सर्वदलीय बैठक क्यों नहीं बुला लेती? आतंकवाद के मोर्चे पर अमरीका भारत और पाकिस्तान को 'समान महत्व के देश' मानता है, क्या भारत इस कूटनीति को उचित मानता है? क्या अमरीका के इस रवैये का भारत को उचित, राजनयिक जवाब नहीं देना चाहिए? अमरीका की केंद्रीय कमान के कमांडर जनरल माइकल कुरिल्ला ने कहा है कि कोई 'बाइनरी स्विच' नहीं हो सकता कि यदि वाशिंगटन के नई दिल्ली से संबंध हैं, तो इस्लामाबाद के साथ रिश्ता नहीं हो सकता। पाकिस्तान उसके खिलाफ लड़ाई में मदद करता है। बहरहाल वही घिसे-पिटे सवाल करने से न तो भारत ताकतवर होगा और न ही मोदी सरकार ढह जाएगी। बेशक कुछ सवाल इतने जरूरी हैं कि उनके जवाब मिलने चाहिए और वह सरकार ही देगी, लेकिन उतावलेपन से क्या हासिल होगा? संसद सत्र आ रहा है। विपक्ष अपने सवाल और रणनीति तैयार कर ले, लेकिन ध्यान रहे कि सवालों की पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए।

### विश्व रक्तदाता दिवस

# रक्तदान ही है महादान, दूसरों का जीवन बचाने में सुख मिलता है



**- योग गुरु महेश अग्रवाल**

आदर्श योग आध्यात्मिक केंद्र स्वर्ण जयंती पार्क कोलार रोड़ भोपाल के योग गुरु महेश अग्रवाल कई वर्षो से निःशुल्क योग प्रशिक्षण के द्वारा लोगों को स्वस्थ जीवन जीने की कला सीखा रहें है, वर्तमान में भी ऑनलाइन एवं प्रत्यक्ष माध्यम से यह क्रम अनवरत चल रहा है । योग प्रशिक्षण के दौरान केंद्र पर योग साधकों को सेवा कार्यो के लिए हमेशा प्रेरित किया जाता है एवं योग आसन प्राणायाम के अभ्यास से कैसे हमारी रक्त संचार प्रणाली सही काम करती है रक्त चाप ठीक रहता है इसके बारे में बताया जाता है।

विश्व रक्तदाता दिल 14 जून को मनाया जाता है, जिसका मुख्य उद्देश्य लोगों को रक्तदान के महत्व के बारे में जागरूक करना और रक्तदाताओं के योगदान को सम्मानित करना है। यह दिन नोबेल पुरस्कार विजेता वैज्ञानिक कार्ल लैंडस्टीनर की जयंती पर मनाया जाता है, जिन्होंने 1901 में ब्ब्ह रक्त समूह प्रणाली की खोज की थी। विश्व रक्तदाता दिवस का महत्व है, रक्तदान जीवन रक्षक कार्य है जो सड़क दुर्घटनाओं, सर्जरी, प्रसव, कैंसर और अन्य बीमारियों से पीड़ित मरीजों की जान बचाता है।

रक्तदान से जुड़े मिथक और तथ्य है, मिथक-रक्तदान से कमजोरी आती है। तथ्य-रक्तदान करने से शरीर 24-48 घंटों में प्लाज्मा और 3-4 सप्ताह में लाल रक्त कोशिकाओं की पूर्ति कर लेता है। मिथक- रक्तदान दर्दनाक होता है। तथ्य- रक्तदान एक सुरक्षित और लगभग दर्दरहित प्रक्रिया है। मिथक- रक्तदान से रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है। विश्व रक्त दान दिवस के अवसर पर योग गुरु अग्रवाल ने सभी को रक्त दान का संकल्प दिलाते हुए कहा कि जीवन का सही आंनद, सुख और महत्व तभी है जब यह किसी के काम आ सकें, इसका सीधा व सरल माध्यम रक्तदान है। उससे हम दूसरे का जीवन बचा सकते हैं। रक्तदान ही है महादान, दूसरों का जीवन बचाने में सुख मिलता है।

रक्तदान के सम्बन्ध में चिकित्सा विज्ञान कहता है, कोई भी स्वस्थ्य व्यक्ति जिसकी उम्र 18 से 60 साल के बीच हो, जो 45 किलोग्राम से अधिक वजन का हो और जिसे कोई गंभीर बीमारी न हुई हो, वह रक्तदान कर सकता है। एक नॉर्मल व्यक्ति के शरीर में 10 यूनिट यानी 5 से 6 लीटर ब्लड होता है. %ह्व नेगेटिव% ब्लड ग्रुप यूनिवर्सल डोनर कहलाता है, इसे किसी भी ब्लड ग्रुप के व्यक्ति को दिया जा सकता है। पुरुष 3 महीने और महिलाएं 4 महीने के अंतराल में नियमित रक्त दान कर सकती हैं। अगर कभी रक्त दान के बाद आपको चक्कर आना, पसीना आना, वजन कम होना या किसी भी अन्य प्रकार की समस्या लंबे समय तक बनी हुई हो तो आप रक्त दान ना करें । रक्त दान से हार्ट अटैक की आशंका कम हो जाती है। खून पतला होता है, जो कि हृदय के लिए अच्छा होता है। एक नई रिसर्च के मुताबिक नियमित रक्त दान से कैंसर व दूसरी बीमारियों के होने का खतरा भी कम हो जाता है, क्योंकि यह शरीर में मौजूद विषैले पदार्थों को बाहर निकालता है। शरीर में आयरन की मात्रा सही बनी रहती है। वजन घटाने में भी मदद मिलती है। इस दौरान लगभग 450 मिलीलीटर ख़ून आपके शरीर से निकाला जाता है और सेहतमंद व्यक्ति इतना रक्त 24 से 48 घंटों में फिर से बना लेता है।



सूर्य नमस्कार पूरी दुनिया में सूर्ये को ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है। सूर्ये को पूजने का क्रम अभी तक चला आ रहा है और सूर्ये देव से ज्ञान और ऊर्जा प्राप्त करने के लिए सूर्य नमस्कार किया जाता है। सूर्य नमस्कार का अर्थ है सूरज को अर्पण या नमस्कार करना। यह एक आसन न होकर कई आसनों का मेल है जो शरीर और मन को स्वस्थ रखने का एक बहुत अच्छा तरीका है। इन कारणों से सूर्य नमस्कार सैकड़ों आसनों में सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। इसके निरंतर अभ्यास से आपका शरीर रोग से मुक्त और स्वस्थ हो जाएगा। सूर्य नमस्कार करने से आपके खून का संचार होता है और ऑक्सीजन में भी किसी प्रकार की कमी नहीं होती। रोज़ सूर्यनमस्कार करने से खून की कमी को कम किया जा सकता है। सर्वांगासन शरीर के हर अंग को किसी न किसी तरीके से स्वास्थ्य लाभ पहुंचाता है। यह शरीर में रक्त परिसंचरण को बढ़ावा देने में मदद करता है, क्योंकि यह पूरे निचले शरीर के प्रवाह को हृदय की ओर भेजता है और शरीर में खून की कमी का इलाज करता है। इसे करने से थकान और थाइरॉइड जैसी परेशानियां दूर होती हैं। त्रिकोणासन - इस आसन का नाम ÷त्रिकोण÷ शब्द से रखा गया है। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए त्रिकोणासन बहुत महत्वपूर्ण है। त्रिकोणासन रोज़ाना करने से खून की कमी का उपचार होता है साथ ही शरीर में खून के स्तर को पूरा करने में मदद मिलती है। सूर्य भेदन प्राणायाम में श्वास लेने की प्रक्रिया दाहिनी नाक से होती है और श्वास छोड़ना की प्रक्रिया बाईं नाक से। दाईं नाक नाड़ी से जुड़ी मानी जाती है इसलिए सबसे पहले श्वास लेने की प्रक्रिया दाहिनी तरफ से करें। इससे श्वास का प्रवाह नियंत्रित होता है और खून की कमी भी दूर होती है। कपालभाति प्राणायाम को करने से वज़न कम करने में मदद मिलती है और शरीर संतुलित रहता है। साथ ही साथ शरीर में खून की कमी भी दूर होती है। अनुलोम विलोम प्राणायाम - अगर सांस को लिया या छोड़ा जाएँ तो उस प्रक्रिया को अनुलोम विलोम प्राणायाम कहते है। अनुलोम विलोम करने से आपके शरीर का रक्त संचार अच्छे से होता है और खून की कमी भी दूर होती है। शीतली प्राणायाम का अभ्यास विशेष रूप से अधिक मात्रा में ऑक्सीजन की आपूर्ति के लिए किया जाता है। इसे करने से खून की कमी को दूर करने में मदद मिलती है।

दुनियाभर में एक आम समस्या बन गयी है और यह विशेष रूप से महिलाओं को प्रभावित करती है। एनीमिया दुनियाभर में करीब 1.62 अरब लोगो को प्रभावित करता है। डब्ल्यूएचओ (विश्व स्वास्थ्य संगठन) का अनुमान है कि भारत में विशेष रूप से महिलाओं में एनीमिया सबसे ज़्यादा पाया जाता है। एनीमिया में हीमोग्लोबिन या लाल रक्त कोशिकाओं की संख्या का स्तर कम हो जाता है जिससे शरीर में खून की कमी पैदा होती है। हीमोग्लोबिन का काम शरीर के चारों ओर ऑक्सीजन ले जाना होता है। यदि आपके रक्त में कम या असामान्य लाल रक्त कोशिकाएं हो या आपका हीमोग्लोबिन कम या असामान्य हो तो आपके शरीर को पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं मिल पाता है।

योग गुरु अग्रवाल नें इस अवसर पर रक्त क्या, रक्त के कार्य, रक्त के वर्ग, एवं रक्त परिसंचरण के बारे में बताया कि शरीर में स्थित असंख्य कोशिकायें उर्जा उत्पन्न करती हैं। इस हेतु आवश्यक पोषक पदार्थ अन्न घटकों से मिलते हैं। पचन किये गये भोजन को विभिन्न अंगो तक पहुँचाना, श्वसन तन्त्र द्वारा उपलब्ध प्राणवायु का कोशिकाओं तक तथा कार्बनडाई ऑक्साइड का फेफड़ों तक वहन ये सभी महत्त्वपूर्ण कार्य हैं। शरीर में निरंतर होने वाले रक्त के परिसंचरण से ये कार्य संभव हो पाते हैं।

**रक्त** - शरीर में घाव होने पर बाहर आने वाला लाल रंग का द्रव ही रूधिर या रक्त है। यह संयोजी कोशिका समूह है। शरीर के सभी अंगो को जोड़ने का कार्य करने के कारण इसे द्रवरूप संयोजी उतक कहते हैं। शुद्ध रक्त वाहिनियों (धमनी) में बहने वाले रूधिर का रंग लालसुर्ख तो अशुद्ध रक्त वाहिनियों में बहने वाले रुधिर का रंग सांवला रहता है। एक स्वस्थ प्रौढ़ व्यक्ति में रक्त का अनुपात उसके शरीर भार का 7ह्व (शरीर भार का तेरहवां) भाग होता है। रूधिर या रक्त में कोशिकायें होती हैं। ये कोशिकाएँ रक्त प्लाज़्मा नामक द्रव में तैरती रहती है।

**लाल रक्त कण** - इन कोशिकाओं को लाल रक्त कोशिकायें अथवा लोहित-कोशिका भी कहते हैं। चकती के आकार के इन कोशिकाओं के बाजू अंतर्गोलाकार रहते हैं। एक घन मिली लिटर रक्त में साढ़े चार से पाँच दशलक्ष रक्त कोशिकायें रहती हैं। जटिल संरचना वाला हेमोग्लोबिन नामक एक रंजक पदार्थ रक्त कणों में होता है जिसके कारण रक्त कोशिका लाल दिखती है। इस रंजक का प्राणवायु से संयोग भी सहजता से होता है। इसी प्रकार प्राणवायु रंजक से सहजता से अलग भी हो जाता है। रक्तरंजक कोशिकाओं के माध्यम से प्राणवायु रक्त प्रवाह के साथ शरीर में सभी स्थानों पर पहुँच सकता है। रक्त कोशिका अस्थि-मज्जा में निर्माण होती हैं।

**रक्त के कार्य** - कोशिकाओं के लिए आवश्यक पदार्थ रक्त के द्वारा उपलब्ध किये जाते हैं। इनके द्वारा निर्मित पदार्थों का वहन भी रक्त के ही माध्यम से होता है। फेफड़ों में आनेवाली प्राणवायु से रक्त में स्थित रंजक पदार्थों का संयोग होता है। इस प्रकार रक्त द्वारा कोशिकाओं तक प्राणवायु पहुँचाया जाता है। ऊतकों में तैयार होने वाला कार्बडाई ऑक्साइड बाहर निकालने के लिए फेफड़ों तक उसे लाने का कार्य भी प्लाविका के माध्यम से ही होता है। पाचन क्रिया द्वारा निर्मित अन्न घटकों का अवशोषण होने के बाद वे रक्त रस में मिल जाते हैं और विभिन्न अंगों को उपलब्ध कराये जाते हैं। अंतःस्त्रावी ग्रंथियों में तैयार होने वाले होर्मोन्स सीधे रक्त में प्रवेश कर पूर्ण शरीर में घूमते हैं। (मास) पेशी जैसा ऊतक कार्य करते समय उष्मा उत्पन्न होती है। कोशिकाओं के कारण बाहरी जंतुओं से सुरक्षा होती है।

**रक्त ग्रुप** - मानव रक्त के विभिन्न वर्गों को ढूंढ निकालने का श्रेय व्हेनिस शहर के डॉ. कार्ड लॅण्डस्टिनर को जाता है। उन्होंने 1900 ई. सन में मानव रक्त के चार वर्गों का अस्तित्व सिद्ध किया। ए, बी, एबी, तथा ओ इन चार वर्गों में रक्त का विभाजन रक्त में स्थित रक्तकोशिकाओं में रहने वाले प्रतिजन पदार्थ पर आधारित होता है। इस आधार पर ओ वर्ग का व्यक्ति सार्वत्रिक दाता कहलाता हैं तो एबी वर्ग का व्यक्ति सार्वत्रिक ग्राहक% कहलाता है। इसके अलावा रक्त वर्ग में %आर एच% घटक महत्त्वपूर्ण है।

रक्त का परिसंचरण तन्त्र रक्त वाहिका तथा हृदय से बना हुआ है। धमनी सिरा रक्त वाहिनियाँ रक्त हमेशा बंद वाहिनियों में ही होता है। रक्त वाहिनी में रक्त के प्रवाहित होते रहने को रक्त का परिसंचरण कहते हैं। शरीर का रक्त तीन प्रकार की वाहिनियों में संचारित होता है। धमनी केशिकायें तथा सिरायें ये वे तीन प्रकार हैं।

**रक्तदान को लेकर विभिन्न भ्रांतियां समाज में परिव्यपाप्त है। रक्त की महिमा सभी जानते हैं। रक्त से आपकी जिंदगी तो चलती ही है साथ ही कितने अन्य के जीवन को भी बचाया जा सकता है। भारत में अभी भी बहुत से लोग यह समझते हैं कि रक्तदान से शरीर कमजोर हो जाता है और उस रक्त की भरपाई होने में महीनों लग जाते हैं। इतना ही नहीं यह गलतफहमी भी व्याप्त है कि नियमित रक्त देने से लोगों की रोगप्रतिरोधक क्षमता कम होती है और उसे बीमारियां जल्दी जकड़ लेती हैं। यहाँ भ्रम इस कदर फैला हुआ है कि लोग रक्तदान का नाम सुनकर ही सिहर उठते हैं। भारतीय रेडक्रास के अनुसार देश में रक्तदान को लेकर भ्रांतियाँ कम हुई हैं पर अब भी काफी कुछ किया जाना बाकी है। किसी व्यक्ति को रक्त की आवश्यकता क्यों होती है इसके विभिन्न कारण हैं। एक बीमारी, दुर्घटना असाध्य ओपरेशन कुछ भी हो सकती है, लेकिन यह महत्वपूर्ण है।**

### विश्व रक्तदाता दिवस पर विशेष

# स्वैच्छिक रक्तदान की संस्कृति को बढ़ावा देकर उजाला बने



**ललित गर्ग**



किसी के जीवन में रंग भरने का, जीवन और मौत के बीच जूझ रहे लोगों को जीवन देने का और अधिक स्वास्थ्य संकट से घीरे व्यक्ति के जीवन में आशा की किरण बनने का सशक्त माध्यम है रक्तदान। दुनिया भर में अनगिनत लोगों को रक्त की अपेक्षा होती है, इसलिये रक्तदान-महादान है। रक्तदान के महत्व को उजागर करने के लिये विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा हर साल 14 जून को 'विश्व रक्तदान दिवस' मनाया जाता है। किसी व्यक्ति के जीवन में रक्तदान के महत्व को समझाने के साथ ही रक्तदान करने के लिये आम इंसान को प्रेरित एवं प्रोत्साहित करने के लिये यह दिवस मनाया जाता है। इंसान की सम्पत्ति का कोई मतलब नहीं अगर उसे बांटा और उपयोग में नहीं लाया जाए, चाहे वे शरीर का रक्त ही क्यों न हो। किसी व्यक्ति की रक्तअल्पता के कारण मृत्यु न हो, इस दृष्टि से रक्तदान एक महान् दान है, जो किसी को जीवन-दान देने के साथ हमें स्वर्ग-पथ की ओर अग्रसर करता है। ऐसा दानदाता समाज, सृष्टि एवं परमेश्वर के प्रति अपना कर्त्तव्य पालन करता है। रक्तदाता कोई भी हो सकता है, जिसका रक्त किसी अत्यधिक जरुरतमंद मरीज को दिया जा सकता है। किसी के द्वारा दिये गये रक्त से किसी को नया जीवन मिल सकता है, उसकी जिन्दगी में बहार आ जाती है। इस वर्ष इस दिवस की थीम है 'रक्त दें, आशा दें- साथ मिलकर हम जीवन बचाते हैं।' यह थीम रक्तदाताओं के जीवन-परिवर्तनकारी प्रभाव पर प्रकाश डालती है, समुदाय और एकता का सम्मान करती है, तथा नए और नियमित रक्तदाताओं दोनों को जीवन बचाने में मदद करने के लिए प्रेरित करती है।

दरअसल विश्व रक्तदान दिवस, शरीर विज्ञान में नोबल पुरस्कार प्राप्त कर चुके वैज्ञानिक कार्ल लैंडस्टाईन की याद में पूरे विश्व में मनाया जाता है, उनका जन्म 14 जून 1868 को हुआ था। उन्होंने मानव रक्त में उपस्थित एग्ल्युटिनिन की मौजूदगी के आधार पर रक्तकणों का ए, बी और ओ समूह की पहचान की थी। रक्त के इस वर्गीकरण ने चिकित्सा विज्ञान में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इसी खोज के लिए महान वैज्ञानिक कार्ल लैंडस्टाईन को साल 1930 में नोबल पुरस्कार दिया गया था। उनकी इसी खोज से आज करोड़ों से ज्यादा लोग रक्तदान रोजाना करते हैं और इसी के कारण लाखों की जिंदगियां बचाई जाती हैं, जिससे रक्त प्राप्त करने वाले व्यक्ति को एक नयी जिंदगी और उनके परिवारों के चेहरे पर एक प्राकृतिक मुस्कुराहट देता है। रक्तदान का महत्व न केवल उन हजारों लोगों के जीवन को बचाना है जो रक्त की कमी या अभाव के कारण जीवन एवं मृत्यु के बीच संघर्षरत हैं, बल्कि विभिन्न बीमारियों से प्रभावित कई अन्य लोगों के जीवन को बचाना और उन्हें अनेक बीमारियों से लड़ने में मदद करना भी है। कल्पना कीजिए कि यह जानकर कैसा महसूस होगा कि आपने किसी की जान बचाई है। आपकी वजह से, कोई व्यक्ति अब अपने परिवार के साथ रह रहा है, पढ़ाई कर रहा है और दुनिया में मौजूद है। यह दिन चुनौतियों को स्वीकार करता है और सुरक्षित रक्त दान को सार्वभौमिक रूप से सुलभ बनाने की दिशा में प्रगति को गति देता है।

इस दिवस को मनाने का एक और महत्वपूर्ण कारण स्वैच्छिक रक्तदान की संस्कृति को बढ़ावा देना है। जो यह सुनिश्चित करता है कि दुनिया को सबसे ज्यादा ज़रूरत पड़ने पर सुरक्षित रक्त मिल सके। यह भी देखा गया है कि जब लोगों ने अपना रक्तदान किया है, तो उन्हें कई स्वास्थ्य लाभ प्राप्त हुए हैं। रक्तदान करने वाले ज्यादातर लोग अपनी बीमारियों से जल्दी ठीक हो जाते हैं और लंबी उम्र जीते हैं, यह वजन घटाने, स्वस्थ लीवर और आयरन के स्तर को बनाए रखने, दिल के दौरे और कैंसर के जोखिम को कम करने में भी मदद करता है। इस अभियान का उद्देश्य सुरक्षित रक्त और प्लाज्मा दान की निरंतर आवश्यकता के बारे में सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाना, दानकर्ताओं के सकारात्मक प्रभाव पर जोर देना, तथा राष्ट्रीय रक्त कार्यक्रमों में निवेश करने और उन्हें बनाए रखने के लिए सरकारों और विकास भागीदारों से समर्थन जुटाना है।

भारत विश्व की सबसे बड़ी आबादी वाला देश होने के बावजूद रक्तदान में काफी पीछे है। रक्त की कमी को खत्म करने के लिए विश्व भर में रक्तदान दिवस मनाया जा रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानक के तहत भारत में सालाना एक करोड़ यूनिट रक्त की जरूरत है लेकिन उपलब्ध 75 लाख यूनिट ही हो पाता है। यानी करीब 25 लाख यूनिट रक्त के अभाव में हर साल हजारों मरीज दम तोड़ देते हैं। यह अकारण नहीं कि भारत की आबादी भले ही डेढ़ अरब पहुंच गयी हो, रक्तदाताओं का आंकड़ा कुल आबादी का एक प्रतिशत भी नहीं पहुंच पाया है। वहीं दुनिया के कई सारे देश हैं जो इस मामले में भारत को काफी पीछे छोड़ देते हैं। मालूम हो कि नेपाल में कुल रक्त की जरूरत का 90 फीसदी स्वैच्छिक रक्तदान से पूरा होता है तो श्रीलंका में 60 फीसदी, थाईलेण्ड में 95 फीसदी, इण्डोनेशिया में 77 फीसदी और अपनी निरंकुश हुकूमत के लिए चर्चित बर्मा में 60 फीसदी हिस्सा रक्तदान से पूरा होता है।

रक्तदान को लेकर विभिन्न भ्रांतियां समाज में परिव्यपाप्त है। रक्त की महिमा सभी जानते हैं। रक्त से आपकी जिंदगी तो चलती ही है साथ ही कितने अन्य के जीवन को भी बचाया जा सकता है। भारत में अभी भी बहुत से लोग यह समझते हैं कि रक्तदान से शरीर कमजोर हो जाता है और उस रक्त की भरपाई होने में महीनों लग जाते हैं। इतना ही नहीं यह गलतफहमी भी व्याप्त है कि नियमित रक्त देने से लोगों की रोगप्रतिरोधक क्षमता कम होती है और उसे बीमारियां जल्दी जकड़ लेती हैं। यहाँ भ्रम इस कदर फैला हुआ है कि लोग रक्तदान का नाम सुनकर ही सिहर उठते हैं। भारतीय रेडक्रास के अनुसार देश में रक्तदान को लेकर भ्रांतियाँ कम हुई हैं पर अब भी काफी कुछ किया जाना बाकी है। किसी व्यक्ति को रक्त की आवश्यकता क्यों होती है इसके विभिन्न कारण हैं। एक बीमारी, दुर्घटना असाध्य ओपरेशन कुछ भी हो सकती है, लेकिन यह महत्वपूर्ण है।

रक्तदान करते हुए डोनर के शरीर से केवल 1 यूनिट रक्त ही लिया जाता है। एक बार रक्तदान से आप 3 लोगों की जिंदगी बचा सकते हैं। ब्लड डोनेशन की प्रक्रिया काफी सरल होती है और रक्त दाता को आमतौर पर इसमें कोई तकलीफ नहीं होती हैं। रक्त दाता का वजन, पल्स रेट, ब्लड प्रेशर, बॉडी टेम्परेचर आदि चीजों के सामान्य पाए जाने पर ही डॉक्टर्स या ब्लड डोनेशन टीम के सदस्य आपका ब्लड लेते हैं। पुरुष 3 महीने और महिलाएं 4 महीने के अंतराल में नियमित रक्तदान कर सकती हैं। यदि आप स्वस्थ हैं, आपको किसी प्रकार का बुखार या बीमारी नहीं हैं, तो ही आप रक्तदान कर सकते हैं। रक्तदान खुशी देने एवं खुशी बटोरने का एक जरिया है। एक चीनी कहावत- पुष्प इकट्ठा करने वाले हाथ में कुछ सुगंध हमेशा रह जाती है। जो लोग दूसरों की जिंदगी रोशन करते हैं, उनकी जिंदगी खुद रोशन हो जाती है। रक्तदान ऐसा पुण्य है जो किसी को नयी जिन्दगी देता है तो खुद को भी खुशी का अहसास कराता है।

रक्तदान पूरे विश्व में मनाये जाने वाले महत्त्वपूर्ण दिवसों में से एक है। कोई भी व्यक्ति चाहे, वह किसी भी उम्र, जाति, धर्म और समुदाय का हों, वह रक्तदान कर सकता है। भारत महर्षि दधीचि जैसे ऋषियों का देश है, जिन्होंने एक कबूतर के प्राणों व असुरों से जन सामान्य की रक्षा के लिये अपना देहदान कर दिया था। परंतु समय के साथ भारत में रक्तदान की प्रवृत्ति में गिरावट देखी गई। निश्चित तौर पर रक्तदान करके किसी अन्य व्यक्ति की जिंदगी में नई उम्मीदों का सवेरा लाया जा सकता है। इस तरह रक्तदान करने से एक प्रेरणादायी शक्ति पैदा होती है, जो अद्भुत होती है, यह ईश्वर के प्रति सच्ची प्रार्थना है। इस तरह की उदारता व्यक्ति की महानता का द्योतक है, जो न केवल आपको बल्कि दूसरे को भी प्रसन्नता, जीवनऊर्जा एवं जीवन प्रदान करती है।

### मंत्रालय के गलियारे की गपशप

# इस बार चौंकाने वाले होंगे आईएएस के तबादले



**- विक्रम सेन**

आप यकीन नहीं करेंगे, लेकिन प्रशासनिक गलियारों की खबरों पर अगर भरोसा किया जाए तो इस बार मध्य प्रदेश की ब्यूरोक्रेसी में चौंकाने वाले तबादले देखने को मिलेंगे। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कई अधिकारियों के खिलाफ दिल्ली तक शिकायत पहुंची है। बताया तो यहां तक जाता है कि दिल्ली हाई कमान से ही यह निर्देश मिले हैं कि इन अधिकारियों को हटाया जाए। ऐसे में अब यह देखना दिलचस्प होगा कि मुख्यमंत्री भाजपा हाई कमान को कन्वेंस कर देते हैं या इन अधिकारियों को हटाते हैं?

**आईएएस-आईपीएस अधिकारियों की बड़ी तबादला सूची अगले सप्ताह** प्रदेश में बड़े प्रशासनिक और पुलिस फेरबदल की चर्चा है। कोई एक दर्जन कलेक्टर हटाए जा रहे है। कम महत्वपूर्ण जिलों में पदस्थ कलेक्टरों को, जिनका परफॉर्मेंस बेहतर माना जा रहा है, उन्हें बड़े जिलों की कमान सौंपने की तैयारी चल रही है। मंत्रालय स्तर पर भी बड़े फेरबदल हो सकते हैं। ऐसे अपर मुख्य सचिव जिनके पास दो-तीन विभागों का दायित्व है, उनसे एक दो विभाग लेकर प्रमुख सचिव स्तर के अधिकारियों को तैनात किया जा सकता है। जानकारी के अनुसार प्रशासनिक और पुलिस सर्जरी को लेकर मुख्यमंत्री की मुख्य सचिव और डीजीपी से दो दौर की बातचीत हो चुकी है। मंत्रालय की खबरों पर अगर भरोसा किया जाए तो अगले सप्ताह कभी भी यह सर्जरी हो सकती है और इसमें कई नाम ऐसे देखने में मिलेंगे, जो चौंका सकते हैं। बस थोड़ा इंतजार कीजिए!






**अब तीन दिन सरकार पचमढ़ी से चलेगी** भारतीय जनता पार्टी का प्रशिक्षण वर्ग आज से पचमढ़ी में शुरू हो रहा है इस वर्ग का शुभारंभ 14 जून को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह करेंगे। जबकि, 16 जून को समापन केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे। इस प्रशिक्षण वर्ग में प्रदेश के सभी सांसद और विधायक तीनों दिन उपस्थित रहकर भागीदारी निभाएंगे। मुख्यमंत्री भी आज से 3 दिन तक पचमढ़ी में ही रहकर सभी सांसदों और विधायकों से रूबरू चर्चा करेंगे। मंत्रिमंडल के सभी सदस्य भी इस दौरान पचमढ़ी में ही रहेंगे। यानी अब सरकार 3 दिन तक पचमढ़ी से ही चलने वाली है। अधिकारी आवश्यक फाइलों को लेकर पचमढ़ी आते जाते रहेंगे।इस दिन दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में भाजपा के राष्ट्रीय संगठन मंत्री से लेकर कई वरिष्ठ केंद्रीय मंत्री भाग लेकर सांसदों और विधायकों को मंत्र देंगे।

**मंत्रिमंडल में फेर बदल की चर्चा**

प्रदेश की राजनीति में इन दिनों मंत्रिमंडल के फेरबदल की चर्चा भी चल रही है। अंदर खाने की खबरों पर अगर भरोसा किया जाए, तो इस महीने के अंत तक मंत्रिमंडल में छोटा-मोटा फेरबदल हो सकता है। दो मंत्रियों को हटाने की चर्चा है और चार नए मंत्रियों को लेने की चर्चा है। भाजपा के वरिष्ठ नेता गोपाल भार्गव को मंत्रिमंडल में शामिल करने की चर्चा जोरों पर है। कुछ मंत्रियों के विभागों के बदलने की भी चर्चा है। बताया गया है कि मुख्यमंत्री अगले सप्ताह दिल्ली में मंत्रिमंडल फेरबदल को लेकर वरिष्ठ नेताओं से चर्चा करेंगे और हाई कमान की हरी झंडी मिलने के बाद इसे मूर्त रूप दिया जाएगा।

**'संगठन सृजन' से प्रदेश में कांग्रेस की गुटबाजी कितनी थमेगी!** अपने दम पर केवल तीन (हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटक) की सत्ता तक सिमटकर रह गई कांग्रेस में नई उमंग भरने की कोशिश में है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी मैदान में उतर आए हैं। राहुल गांधी ने पार्टी के लिहाज से ट्रबल मेकिंग स्टेट्स पर फोकस कर दिया है। राहुल गांधी ने मध्य प्रदेश सहित तीन राज्यों का दौरा भी किया। मध्य प्रदेश जैसे बीजेपी का गढ़ माने जाने वाले राज्य में कांग्रेस की सबसे बड़ी समस्या गुटबाजी भी है। प्रदेश कांग्रेस को पिछले विधानसभा चुनाव से अब तक करीब सात साल में 6 प्रभारी मिल चुके हैं। इसे भी गुटबाजी से ही जोड़कर देखा जाता है। कांग्रेस प्रदेश इकाई में गुटबाजी इस कदर हावी है कि कोई प्रभारी जब तक प्रदेश की राजनीति समझ पाता है, उसे हटा दिया जाता है। जीतू पटवारी को पार्टी में ही उतना सहयोग नहीं मिलने की बातें आती रही हैं, जितना सहयोग उन्हें मिलना चाहिए। वैसे भी वे पार्टी के साथ साथ अपनी विधानसभा सीट मजबूत करने में व्यस्त रहते हैं। इसलिए वे गुटबाजी पर बोलकर हालात और खराब नहीं करना चाहते हैं। ज्योतिरादित्य सिंधिया समर्थक विधायकों की बगावत के बाद मध्य प्रदेश की कमलनाथ सरकार गिर गई थी। मध्य प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी अपेक्षित सहयोग नहीं मिलने को लेकर कई बार अपना दर्द जाहिर कर चुके हैं। पार्टी के नेता और कार्यकर्ता कमलनाथ, दिग्विजय सिंह, उमंग सिंगार, जीतू पटवारी, अजय सिंह राहुल, अरुण यादव जैसे नेताओं के गुट में बंटे नजर आते हैं। कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान को गुटबाजी से पार पाने की कवायद के रूप में ही देखा जा रहा है। दरअसल, अभी तक पार्टी में जिला अध्यक्ष की कुर्सी तक वही नेता पहुंच पाते थे, जो प्रदेश अध्यक्ष से जुड़े हों। इससे गुटबाजी को और हवा मिलती थी। जिलाध्यक्षों की निष्ठा संगठन की जगह नेता के प्रति अधिक होती थी। कांग्रेस संगठन सृजन अभियान से राहुल गांधी कांग्रेस में गुटबाजी की पहेली कितना सुलझा पाते हैं, यह देखने वाली बात होगी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —हाकम सिंह गुर्जर
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म. प्र. ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

## अहमदाबाद विमान पीड़ितों के प्रति श्रद्धांजलि



**भोपाल।** मानवाधिकार सुरक्षा एवं संरक्षण आर्गनाइजेशन के राष्ट्रीय सचिव डॉ. श्रीकांत अवस्थी ने कल अहमदाबाद में हुए दुखद विमान हादसे को लेकर दुख जताया। उन्होंने कहा कि मैं और मेरा परिवार एवं मानवाधिकार सुरक्षा एवं संरक्षण आर्गनाइजेशन परिवार इस दुखद विमान दुर्घटना में अहमदाबाद में हुई भारी जनहानि से बेहद दुखी और व्यथित हैं। इस दर्दनाक हादसे से प्रभावित सभी लोगों के प्रति हम अपनी गहरी और दिल से संवेदनाएं प्रकट करते हैं। इस दुख की घड़ी में मानवाधिकार सुरक्षा एवं संरक्षण आर्गनाइजेशन पूरी तरह से सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है और हर संभव तरीके से मदद के लिए तैयार है। हम प्रार्थना करते हैं कि इस त्रासदी से प्रभावित सभी लोगों को इस अकल्पनीय नुकसान को सहने की शक्ति और शांति मिले।मानवाधिकार सुरक्षा एवं संरक्षण आर्गनाइजेशन की जिला टीम भोपाल ओर से सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों ने अहमदाबाद में हुए दुखद विमान दुर्घटना में कई लोगों की असमय मृत्यु हो गई। डॉ. श्रीकांत अवस्थी, अरूण कुमार द्विवेदी, भीमसेन गौतम, कृष्णकांत अग्निहोत्री, विकास कुमार, पीयूष द्विवेदी, राजा मिश्रा, संतोष योगी व अन्य पदाधिकारी व सदस्यों की उपस्थिति हुई।

## रामविलास टाले गुर्जर का हुआ सम्मान

**भोपाल।** हेडलाइन राष्ट्रीय पदाधिकारीयो का भव्य स्वागत रामविलास टाले गुर्जर राष्ट्रीय मंत्री और सदस्य भविष्य निधी मध्य प्रदेश विद्युत मंडल एवं श्री अशोक शुक्ला जी,प्रदेश अध्यक्ष, सदस्य नियामक आयोग एवं



सदस्य राष्ट्रीय कार्य समिति का जबलपुर पहुँचने पर श्री उमाकांत मालवीय, अनिल पास्कल,ओ पी यादव, सुशील कुमार मिश्रा,पटेल, राकेश रैकवार,सी एम कोरी और संगठन के पदाधिकारीयो द्वारा भव्य स्वागत किया,एवं भविष्य निधी के ज्वाइन डायरेक्टर श्री एस जी हिरेमंथ और डिप्टी डायरेक्टर श्री सुजीत खटीक और श्री योगेश जैन से मुलाकात कर रिटायर कर्मचारियो के फाइनल पेमेंट, पार्ट पेमेंट और अन्य विषयो पर चर्चा कर तुरंत निराकरण कराया गया

## स्वतंत्रता सेनानी डॉ कृष्णा मोदी का निधन

**सांध्य प्रकाश सारनी।** कृष्णा मोदी मात्र चौदाह वर्ष की आयु मे स्वतंत्रता की लड़ाई से जुड़कर मजदूरों के हित में कार्य करते रहे। उन्होंने क्षेत्र के बढ़ते पलायन और बंद होती खदानों के बदले नये खदानों को खुलवाने के लिए निरंतर जनता की आवाज बन कर लड़ते रहे। उन्होंने क्षेत्र को बचाने के लिए समिति का गठन भी किया था। जिसके माध्यम से कई लड़ाई लड़ी वे एक महान नेता के रूप वे पूरी उम्र नेतृत्व करते रहे। उन्होंने अपने जीवन काल में अलग अलग विषय पर कई अनशन किया। उनकी स्वास्थ ख़राब रहने बाद उनका हौसला नहीं काम हुआ। 97 वर्ष की आयु मे श्री मोदी को हार्ट अटैक आया और उन्होंने अंतिम सांस ली और अलविदा कर गए। श्री मोदी को क्षेत्र की जनता ने श्रधांजलि आर्पित की है।



## मोटर खराब , पानी सप्लाई में बाधा

**नैनपुर ।** पेयजल व्यवस्था लड़खड़ाई एक टाइम पानी की सप्लाई की जा रही है वाटर सप्लाई की बड़ी मोटर खराब हो जाने के कारण व्यवस्था को लेकर ठीक किए जाने के प्रयास किया जा रहे हैं एक बड़ी मोटर से सप्लाई की जा रही है फिल्टर मैं दो बोर के माध्यम से सप्लाई किए जाने के प्रयास कर रहे हैं पावर फिल्टर प्लांट से कुछ वार्डो में सप्लाई की जा रही है पेयजल व्यवस्था में लगे सभी अधिकारी एवं पेयजल के प्रभारी सक्रिय नगर पालिका के पेयजल प्रभारी पार्षद राजाराम शर्मा ने बताया कि पेयजल की पर्याप्त सुविधा उपलब्ध कराने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहे हैं वहीं प्रशासनिक स्तर पर गोपी नंदा लगे हुए हैं।

# भिंड कलेक्टर को दी धमकी तो पार्टी के खिलाफ हो गई एफआईआर इन नेताओं का नाम शामिल



12 जून 2025 को जिला आजाद समाज पार्टी द्वारा ज्ञापन देने के दौरान दामोदर यादव और सतेन्द्र विद्रोही ने भड़काऊ भाषण दिए। इस भाषण में उन्होंने जिला कलेक्टर को धमकी दी और जाति के आधार पर विवाद उत्पन्न करने का प्रयास किया। इन नेताओं ने जाति आधारित भाषणों से विभिन्न जातियों के बीच वैमनस्य फैलाने की कोशिश की।

इसके अलावा, इस कार्यक्रम में ध्वनि विस्तारक यंत्र के प्रयोग पर प्रतिबंध था, लेकिन आयोजकों ने इसका उल्लंघन किया। कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत यंत्रों का प्रयोग नहीं किया जा सकता था, लेकिन फिर भी इसका उल्लंघन किया गया। इसके कारण आयोजकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई।

सुनो मिस्टर कलेक्टर, तुम्हारी ऐसी तैसी करूंगा, कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव के लिए नेता के बिगड़े बोल

इस मामले में सतेन्द्र विद्रोही और दामोदर यादव के खिलाफ अभद्र भाषा, धमकी, भड़काऊ भाषण और जाति आधारित विवाद फैलाने के आरोपों के तहत एफआईआर (स्न्ढ्ढक्र) दर्ज करने का आदेश दिया गया है। आदेश के बाद स्न्ढ्ढक्रदर्ज कर ली गई है।

**आयोजक के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई:** अब इस मामले में पुलिस कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। कलेक्टर ने आदेश दिया कि उक्त नेताओं और आयोजक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। इस संदर्भ में माननीय उच्च न्यायालय के निर्देशों का उल्लंघन किया गया था, जिससे मामले की गंभीरता बढ़ गई है। कलेक्टर ने कहा कि कार्यक्रम के दौरान किये गए अपत्तिजनक भाषणों और कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के उल्लंघन को लेकर गंभीर कदम उठाए जा रहे हैं। इस प्रकार के भड़काऊ भाषणों से समाज में अशांति फैलती है और इसे रोकने के लिए कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

दूसरे नेताओं और आयोजकों के खिलाफ जांच

इस घटना के बाद, आयोजकों और नेताओं के खिलाफ और भी सख्त कदम उठाए जा सकते हैं। साथ ही इस मामले की जांच भी की जा रही है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि भविष्य में ऐसे कृत्य न हों।

**दामोदर यादव ने भिंड कलेक्टर को दी थी धमकी:** भिंड जिले के कलेक्ट्रेट परिसर में गुरुवार को किसानों के हक में जोरदार प्रदर्शन हुआ। प्रदर्शन के दौरान आजाद समाज पार्ट के नेता दामोदर यादव ने खुले मंच से भिंड कलेक्टर को चेतावनी दे डाली। उन्होंने कहा कि सुनो मिस्टर कलेक्टर, तुम कहते हो कि तुम्हें आजाद समाज पार्टी की जरूरत नहीं लगती? तो तुम्हारी भी इस प्रदेश को जरूरत नहीं है। अगर दोबारा ऐसी नालायकी की, तो मुख्यमंत्री तुम्हें प्रदेश के जिस कोने में बैठाएगा, वहां आकर तुम्हारी ऐसी तैसी करूंगा। यादव ने कहा कि संविधान की मर्यादा में रहते हुए हम आपका सम्मान करते हैं, पर अगर किसानों की जमीन के साथ छेड़छाड़ हुई, तो वह सम्मान भी नहीं रहेगा। उन्होंने चेतावनी दी- तुम हमारे सामने बहुत छोटे हो। ये किसानों के साथ षड्यंत्र है। समझा दो अपने पिल्लों को, जमीन लौटा दें नहीं तो अंजाम भुगतना पड़ेगा।

## कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत बढ़ते अपराध और लगातार हो रही घटनाएं



**दमोह।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत चाकू लगने से घायल 17 वर्षीय नाबालिक युवक को जिला अस्पताल में लाया गया जहा पर उसका सकुशल इलाज कर उसका पेट में फंसा चाकू निकाला गया इस दौरान सीएमएचओ डॉक्टर मुकेश जैन सिविल सर्जन डॉक्टर रविंद्र सिंह राजपूत जिला आयुष अधिकारी डॉ राजकुमार पटेल उपस्थित रहे

इस दौरान घटना के बारे में कोतवाली टीआई मनीष कुमार ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया की राज अहिरवार अपने दोस्त विकास और मोनू के साथ चाय पीने बस स्टैंड आया था इस दौरान मोनू से विवाद हो गया और मोनू ने उसको चाकू मार दिया घायल युवक का इलाज जिला अस्पताल मे जारी है घटना के बाद से मोनू और विकास फरार बताए जा रहे है फरार आरोपियो को पकड़ने कोतवाली पुलिस लगातार तलाश रही है

### अंधे हत्याकांड का पुलिस ने 24 घंटे मे किया खुलासा

## समधी को फंसाने पूर्व टी आई ने कराई थी एक बेसहारा निर्दोष की हत्या



**नरसिंहपुर।** थाना करेली जिला नरसिंहपुर द्वारा अंधी हत्या का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। मुख्य आरोपी साजिशकर्ता तीन वर्ष पूर्व एक रिटायर टी आई है जो कभी अपने थाना क्षेत्र में अपराध को रोकने के लिए चौबीसों घंटे जनसेवा और देश भक्ति के लिए खड़ा रहता था और जरूरत पड़ने पर गुनाहगारों को जेल की सलाखों के पीछे पहुंचाने का कर्तव्य निभाता था। छोटी मोटी घरेलू झंझटों को खुद समझाइश देकर मामलों को शांत कर दिया करता था। लेकिन वक्त ने पलटी मारी और घरेलू झंझटों के झंझावात मे इस कदर उलझ गया कि अब वह अपने ही रिश्तेदार को झूठी बारदात मे फंसाने के चक्कर मे सुपारी किलर बन गया।

उक्त घटना का खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक मृगाखी मेखा ने प्रेस वार्ता कर पत्रकारों को बताया कि अमोल सिह मेहरा पिता नन्हे लाल मेहरा उम्र 65 वर्ष निवासी सुभाष वार्ड करेली ने थाना उपस्थित आकर सूचना दिया कि इसकी जमीन ग्राम खिरिया में है जहाँ कृषि उत्पाद रखने हेतु एक घर बनाया हुआ है जिसके सामने एक अज्ञात व्यक्ति पडा है एवं खून से लथपथ है। तथा चादर से ढका हुआ है कि सूचना पर थाना करेली पुलिस द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत घटना स्थल का निरीक्षण किया मृतक की शिनाख्ती नारायण काछी निवासी खुलरी के रुप में की गयी तस्दीक उपरांत मामला हत्या का प्रतीत होने से थाना करेली में पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया ।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक नरसिंहपुर द्वारा टीम का गठन किया गया जिसमें टीम द्वारा घटना स्थल के आसपास कैमरो की फुटेज निकाली गयी है एवं मुखबिर तंत्र के माध्यम से संदिग्ध व्यक्तियों के आवाजाही की सूचना एकत्रित की गयी जिसमें सूचना प्राप्त हुई की नरसिंहपुर ग्राम खमरिया का बसंत वंशकार जो कि थाना स्टेशनगंज का निगरानी बदमाश है की भूमिका संदिग्ध पायी जाने से अभिरक्षा में लेकर विस्तृत पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किया एवं मृतक नारायण काछी की हत्या लोहे की रॉड से मारकर करना बताया एवं उक्त हत्या नरसिंहपुर जिले में पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त निरीक्षक शंकरलाल झारिया के द्वारा 40 हजार रुपये की सुपारी देकर अपना समधी अमोल मेहरा जिसके खेत में बने घर के सामने मृतक की लाश मिली थी को फंसाने के उद्देश्य से हत्या करायी गयी पूर्व में अमोल मेहरा की पुत्री के द्वारा घरेलु हिंसा एवं दहेज प्रताडना का केश शंकरलाल झारिया एवं उनके परिवार के विरुध्द वर्ष 2024 महिला थाना नरसिंहपुर में दर्ज कराया था उक्त केश के कारण बदले की भावना इस जघन्य हत्या कांड सेवानिवृत्त निरीक्षक शंकरलाल झारिया के द्वारा बसंत वंशकार को षडयंत्रपूर्वक पैसा देकर हत्या कराना पाया गया है ।

# कांग्रेस के संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत लगातार बैठकों का दौर जारी



**सिवनी।** अखिल भारतीय कॉंग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक मोहन मरकाम पूर्व मंत्री एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष-छत्तीसगढ़ प्रदेश कॉंग्रेस कमेटी एवं पूर्व मंत्री-छत्तीसगढ़ शासन, सोहन बाल्मीकि प्रदेश कांग्रेस महामंत्री परासिया विधायक, सौरभ सिंह पूर्व विधायक एवं जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार खुराना संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत दिनांक 11 जून 2025 को केवलारी विधानसभा के छपारा एवं धनौरा एवं सालीवाड़ा में बैठक ली, जिसमें ब्लॉक अध्यक्ष जयकेश पटेल, आदित्य नारायणसिंह विकास बघेल, नेपालसिंह ठाकुर ने बैठक आयोजित की, 12 जून को केवलारी, कान्हीवाड़ा एवं उगली ब्लॉक की बैठक प्रमोद मोदी, डॉ. रमेन्द्रसिंह ठाकुर, वीरेन्द्रराज पप्पू ठाकुर ने बैठक आयोजित की।

बैठक में मोहन मरकाम ने वन टू वन उपस्थित एक एक कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं से चर्चा कर जिला एवं ब्लॉक कांग्रेस संगठन और अधिक अच्छे ढ़ंग से कार्य करें इसके लिए सुझाव मांगे। मोहन मरकाम ने प्रत्येक कार्यकर्ताओं को अपनी बात रखने के लिए पर्याप्त समय दिया और उनके द्वारा दिए गए सुझावों को नोट किया। बैठक को सम्बोधित करते हुए श्री मरकाम ने कहा मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी की मंशानुरूप हमें कॉंग्रेस संगठन को मजबूत बनाना है, इसके लिए सभी को प्रयास करने होंगे, उन्होंने उदाहरण दिया कि राह में कोई बड़ा पत्थर आ जाए तो उसे एक या दो व्यक्ति राह से नही हटा सकते, यदि सभी लोग मिलकर उसे हटाने का प्रयास करें तो बड़ा से बड़ा पत्थर हम हटा सकते है। सिवनी जिला वह जिला है जहॉ पूरे देश में कॉंग्रेस विरोधी लहर के बाद भी जिले की पॉचो विधानसभा कॉंग्रेस पार्टी ने जीत दर्ज की थी। पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व. सुश्री विमला वर्मा, पूर्व प्रदेश कॉंग्रेस अध्यक्ष, राज्यपाल स्व. श्रीमती उर्मिला सिंह, पूर्व मंत्री ठाकुर हरवंश सिंह ने देश एवं प्रदेश में सिवनी जिले की पहचान स्थापित की थी ओर अनेक विकास कार्य सिवनी के लिए किए।

मोहन मरकाम ने कहा कि मैं अनेक प्रदेशो में पर्यवेक्षक बनकर काम किया है लेकिन सिवनी जिले में जो कॉंग्रेस संगठन जिस तरह काम कर रहा है वह बहुत बेहतर ढंग से काम कर रहा है अन्य जिलों में बहुत कम ऐसा जिला संगठन देखने को मिलता है। जिला, ब्लॉक, मंडलम, सेक्टर, बूथ स्तर तक प्रत्येक ब्लॉक में बडी संख्या में कॉंग्रेस कार्यकर्ता देखने को मिल रहें है, यदि इसी तरह जिला कॉंग्रेस संगठन कार्यकर्ता रहा तो निश्चित रूप से जिले की चारो विधानसभा पर विजयश्री प्राप्त करेंगे, मध्यप्रदेश में कॉंग्रेस की सरकार भी बनाऐंगे, मंत्री भी आपके जिले से बनाए जा सकते है जो आपके जिले को विकास की नई गति देंगे। आप सभी कॉंग्रेस कार्यकर्ता एक बंद मुठ्ठी के तरह एक होकर काम करो, जिससे कांग्रेस संगठन की ताकत और अधिक मजबूत होगी।

बैठक में केवलारी विधायक ठा. रजनीशसिंह, पूर्व विधायक रमेश जैन, जिला, ब्लॉक, मंडलम, सेक्टर, बूथ कमेटी के पदाधिकारी, बीएलए एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बडी संख्या में उपस्थित रही।

## कांग्रेस में संगठन सृजन की कवायद जारी है, इसके लिए अभियान चलाया जा रहा है

मंडला। बुधवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की पर्यवेक्षक श्रीमती चारूलता टोकस मंडला पहुंची। उन्होंने यहां वन विश्राम गृह में आयोजित पत्रकारवार्ता में अच्छा काम कर रहे कार्यकर्ताओं को संगठन सृजन में महत्व दिया जाएगा।लोगों का चयन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मंडला जिले में 5 दिन रहकर कांग्रेस के सभी 15 ब्लॉकों में कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर उनकी राय ली जाएगी।जिले में बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक संगठन का सृजन किया जाना है। उन्होंने स्पष्ट किया गया कि चयन में उम्र को लेकर की जा रहीं बातें गलत हैं।

## सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता से करें: संभागायुक्त




**मंडला।** संभागायुक्त धनंजय सिंह ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता से करें। उन्होंने सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों में सभी विभागों को गहन समीक्षा करने को कहा तथा जिन क्षेत्र में सीएम हेल्पलाईन के अधिक प्रकरण दर्ज हो रहे हैं उन क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने के निर्देश दिए। संभागायुक?त श्री सिंह ने सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों के संबंध में विभागों से विभिन्न स्तरों पर लंबित प्रकरणों की जानकारी ली और सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों में संतुष्टि पूर्वक निराकरण के निर्देश दिए। संभागायुक?त श्री सिंह शुक्रवार को जिला योजना भवन में विभागीय कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। इस अवसर पर कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ श्री श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर श्री अरविंद सिंह सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे। संभागायुक्त सिंह ने कहा कि सभी अधिकारी हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ हितग्राहियों तक अनिवार्य रूप से पहुंचाएं।

संभागायुक?त श्री धनंजय सिंह ने खरीफ फसलों के लिए किसानों को मानक एवं गुणवत्ता पूर्ण खाद एवं बीज उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खरीफ फसलों के लिए खाद एवं बीज का विक्रय करने वाले दुकानों का नियमित रूप से निरीक्षण करें। अमानक खाद एवं बीज का विक्रय न हो सके। अमानक खाद एवं बीज के प्रकरणों में संगत नियमों एवं शासन निर्देशों के अंतर्गत कठोर वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

# भाजपा का संकल्प से सिद्धि अभियान के अंतर्गत प्रोफेशनल मीट का आयोजन

### मंत्री तुलसी सिलावट भाजपा के प्रोफेशनल मीट मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए

**धार।** विकसित भारत का अमृत काल - सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 साल संकल्प से सिद्धि तक, देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में गुरुवार को होटल रुद्राक्ष में प्रोफेशनल मीट एवं प्रबुद्धजन समागम÷ का आयोजित हुआ । जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री तुलसी सिलावट कार्यक्रम को संबोधित किया ।

इस दौरान मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर पूर्व केंद्रीय मंत्री विक्रम वर्मा विशेष अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष महंत निलेश भारती विधायक नीना विक्रम वर्मा पूर्व मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव जिला पंचायत अध्यक्ष सरदार सिंह मेड़ा पूर्व विधायक वेलसिंह भुरिया मंचासीन रहे । सर्व प्रथम पितृ पुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण व दीपप्रज्वलित कर प्रोफेशनल मीटआरंभ किया गया।मुख्य वक्ता कैबिनेट मंत्री तुलसी सिलावट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत वर्ष 2047 तक विश्व की सबसे बड़ी शक्ति के रूप में स्थापित होगा। प्रधानमंत्री ने देश की राजनीति से भ्रष्टाचार और परिवारवाद को समाप्त करने का कार्य कर रहे हैं। मोदी जी का नेतृत्व




भारत को हर क्षेत्र में वैश्विक रूप से पहचान और सम्मान दिला रहा है। 11 वर्ष का कार्यकाल आने वाले समय में स्वर्णिम कार्यकाल में लिखा जाएगा।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नेतृत्व भारत को हर क्षेत्र में वैश्विक रूप से पहचान और सम्मान दिला रहा है। केंद्रीय राज्यमंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुरने कहा कि गरीब के पास इतना सीमित धन होता था कि अगर घर का कोई बुजुर्ग बीमार हो जाए तो पूरे परिवार को उसके इलाज या बच्चों के खाने में से एक को चुनना पड़ता था लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश के गरीब को भी सम्मान से जीने का अधिकार है और उन्होंने आयुष्मान योजना लागू की। आयुष्मान योजना में कार्डधारक 5 लाख तक का इलाज मुफ्त में करा सकता है। यह सकारात्मक परिवर्तन हैं। नरेन्द्र मोदी जी आत्मनिर्भर व विकसित भारत के संकल्प को पूरा कर रहे हैं। प्रोफेशनल मीट में मुख्य वक्ता के उद्बोधन के पहले भाजपा जिलाध्यक्ष महंत निलेश भारती विधायक नीना विक्रम वर्मा पूर्व मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव ने भी संबोधित किया। जब मंत्री तुलसी सिलावट जी का संबोधन चल रहा था तब उन्हें सूचना मिली की अहमदाबाद में हुई भीषण विमान दुर्घटना हुई है उन्होंने कार्यक्रम में ही अहमदाबाद में हुई भीषण विमान दुर्घटना में जान गंवाने वाले नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की।समस्त कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर सामूहिक मौन रखकर दिवंगत आत्माओं के प्रति शोक संवेदना प्रकट की और आयोजन का समापन कर दिया।भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में टोली संयोजक दीपक शर्मा,मोहित तातेड़ डॉ पूजा सोनी शशि श्रीवास्तव राकेश राजपुरोहित डॉ शरद विजयवर्गीय योगेश अग्रवाल डॉ महाजन कैलाश लाढ डॉ मिश्रा डॉ गंगवाल सुरेश जलोदिया गिरधारी बिरला विजय जैन मनोहरलाल अग्रवाल समाज के प्रमुख प्रबुद्धजन, प्रोफेशनल्स, डॉक्टर, वकील, इंजीनियर, शिक्षक, चार्टर्ड अकाउंटेंट व्यापारी वर्ग के प्रमुख आदि शामिल रहें । उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने दी।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम KARAN SINGH था। जो कि मेरे पासपोर्ट में दर्ज है। किंतु अब मेरा नाम परिवर्तित होकर KARAN SINGH RAJPUT हो गया है । अतः अब मुझे मेरे सही नाम KARAN SINGH RAJPUT से ही जाना व पहचाना जाए। Address :- Block No E 7/301, Gore Shankar Koshal Colony Barral Bhopal 462043calony

# असामाजिक तत्वों के आतंक से परेशान वार्ड की महिलाओं ने एसपी से की शिकायत

**सांध्य प्रकाश बैतूल।** सुभाष वार्ड माझी नगर की महिलाओ ने क्षेत्र में असामाजिक गतिविधियों से परेशान होकर एस पी श्री झारिया को लिखित शिकायत की है। महिलाओं ने बताया कि रोज़ शाम 6 बजे के बाद से रात्रि 10 बजे तक पीपल चौक पर शराब और गांजा पीने वाले असामाजिक तत्व जमा होकर वाद विवाद करते है। वार्ड से गुजरने वाली महिलाओं और युवतियों पर आपत्तिजनक टिप्पणियां भी करते हैं। जिससे वार्ड की महिलाओ में दहशत बनी रहती है। बल्कि बिगड़े माहौल से बच्चो की पढ़ाई पर असर पढ़ रहा है। पूर्व में भी मौखिक और लिखित शिकायतें कर चुके है। कोई कार्यवाहीं नही जाती। असामाजिक तत्वों को समझाने पर गाली-गलौज कर धमकी देते हैं। शिकायत करने पर पुलिस महिलाओं को ही समझाकर चले जाते है। और समस्या बनी हुई है। शाम 6 बजे से रात 10 बजे तक गश्त किये जाने एवं सुरक्षा को लेकर मांग की है। जिनमे जमुना महाजन, देवना विश्वकर्मा, सिंधु बाई मोहबे, अनीता शास्त्री, कमला धुर्वे, कविता बारस्कर, शकुन पवार, लल्ली परते, पिंकी परिहार,पिंकी जावलकर, द्वारका सोनेकर, निशा मेहरा, मानसी लोखंडे, सुमन लोखंडे, रेवती बिंझाड़े, उर्मिला मवासे, मुन्नी यादव, जमुना चतुरकर, ज्योति यादव, सरिता चौधरी, मैना बाई, उर्मिला सावरकर, अंजुलता यादव, कौशल पवार काशी जावलकर शामिल थी।



**OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION, BHOPAL**

Sewage Department

Municipal Corporation Rest House, Shyamla Hills, Bhopal

**NOTICE INVITING e-TENDER**

Online Tender are inviting on appendix 2.10 from the appropriate firm that registered in Office of the Madhya Pradesh (Centralized PWD Registration Cell) for following work. The tender documents can be obtained online on the website http://mptenders.gov.in as per the Key Dates in the Notice published on the above website.

| S. No. | NIT No./ Call No | Tender ID | Details of Work | Tender Value (INR) | Earnest Money (EMD) | Bid Submission End Date |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2. | 3 | 4 | 5. | 6. | 7. |
| 1 | 08/SEW/ BMC/ 2025-26 | 2025_ UAD_ 415781_3 | PROVIDING AND LAYING SEWER LINE NEAR SANJEVNI NARIYAL KHEDA AREA WARD 12 ZONE 03 | 5,96,112/- | 5961/- | 18.06.2025 |

T.N. 1823/025/026

Executive Engineer
Municipal Corporation, Bhopal

# बीएनआई डायनामिक ने हिला उद्यमिता दिवस के थीम पर मनाया भव्य बिजनेस अपॉर्च्यूनिटी डे















**भोपाल,।** बीएनआई डायनामिक, मध्य भारत का अग्रणी व्यवसायिक नेटवर्किंग चैप्टर, ने भोपाल में भव्य ग्रैंड बिजनेस अपॉर्च्यूनिटी डे का आयोजन किया। इस वर्ष का थीम था वूमेन्स एंटरप्रेन्योर डे, जिसमें 170+ से अधिक बिजनेस ओनर्स और 125+ विज़िटर्स ने भाग लिया। यह कार्यक्रम नेटवर्किंग, सहयोग और व्यवसायिक विकास का उत्सव बन गया।प्रेरणादायक विचार और नेतृत्व बीएनआई भोपाल के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर प्रदीप करम्बेलकर ने मुख्य वक्तव्य दिया और बताया कि कैसे बीएन आई एक स्ट्रक्चर्ड नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म बनकर भोपाल के व्यवसायों को एक नई दिशा दे रहा है।श्री राहल श्रीवास्तव (ट्रेनिंग डायरेक्टर, बीएनआई) ने एक शक्तिशाली एजुकेशन स्लॉट के माध्यम से यह समझाया कि कैसे माइंडसेट में बदलाव और सही नेटवर्क से आप एक सफल व्यवसायिक नेतृत्व की ओर बढ़ सकते हैं। उन्होंने कहा, अगर आपके आसपास ऐसे लोग नहीं हैं जो आपको प्रेरित करें या चुनौती दें, तो आप नेटवर्क में नहीं, एक पिंजरे में हैं।

### लीडरशिप टीम का शानदार संचालन

इस भव्य कार्यक्रम का संचालन बीएनआई डायनामिक की नेतृत्व टीम ?द्वारा अत्यंत प्रोफेशनल अंदाज़ में किया गया अध्यक्ष हरमिंदर सिंह हुरा ,उपाध्यक्ष- वास्तुकार राम्या सिंह राजपूत सेक्रेटरी व कोषाध्यक्षः नितिन सिंह बीएनआई सदस्यों और व्यापार जगत की प्रमुख हस्तियों की भागीदारी इस कार्यक्रम में निम्न प्रमुख सदस्यों और अतिथियों की सक्रिय भागीदारी रहीः रवि तख्तानी, अरुण वागद्रे, संदीप जैन, जनक भट्ट, रिजवान निजामी, तनय शर्मा, अनिल सिंह, आनंद अवतरमणि, संदीप बबर, अपर्णा मोटवानी, असीम जिंदल, प्रदीप (टेस्ट ऑफ इंडिया), सत्यदेव दुबे और श्रीमती रोशिनी नायर, अश्विनी वंदना , रवि तख्तानी सहित कई अन्य व्यवसायिक विशेषज्ञ उपस्थित रहे। एक ऐतिहासिक सफलता कार्यक्रम में 170+ व्यवसायों का प्रतिनिधित्व, 125+ विजिटर्स, और 2 नए सदस्य शपथ ग्रहण के साथ यह कार्यक्रम बीएनआई डायनामिक के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि बन गया।

## आईएएस अधिकारी कांता राव को केंद्र में मिला अतिरिक्त महत्वपूर्ण प्रभार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** मप्र कैडर के आईएएस अधिकारी कांता राव को केंद्र में अतिरिक्त महत्वपूर्ण प्रभार मिला है। केंद्र सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा में 1992 बैच के मध्य प्रदेश कैडर के आईएएस अधिकारी वी एल कांता राव को कोयला मंत्रालय के सचिव का प्रभार अतिरिक्त रूप से सौंपा है। कांता राव वर्तमान में केंद्र में खनि सचिव के रूप में कार्यरत हैं और उन्हें कोयला सचिव का अतिरिक्त प्रभार विक्रम देव दत्त की अवकाश अवधि के दौरान 23 जून तक दिया गया है। इस संबंध में डीओपीटी ने आदेश जारी कर दिए हैं।

## पिछले साल हर महीने 1 अरब डॉलर गंवाने वाली कंपनी के लिए एअर इंडिया हादसा कितना बड़ा झटका?

**नई दिल्ली, एजेंसी।**अहमदाबाद में गुरुवार को हुए दुखद एअर इंडिया विमान हादसे से पहले बोइंग का ड्रीमलाइनर विमान अंतरमहाद्वीपीय यात्रा का मुख्य आधार था। इसका सुरक्षा रिकॉर्ड भी शानदार था। हालांकि, ड्रीमलाइनर हादसे के बाद इसे बनाने बनाने वाली कंपनी बोइंग एक फिर बैकफुट पर आ गई है, आइए इस बारे में विस्तार से जानते हैं। बोइंग ने पिछले महीने ही अपने 787 ड्रीमलाइनर विमान पर अपने एक अरबवें यात्री को सफर करवाने का जश्न मनाया। यह एक प्रभावशाली उपलब्धि है, क्योंकि इसे लॉन्च हुए सिर्फ 14 साल हुए हैं। अहमदाबाद में गुरुवार को हुए दुखद एअर इंडिया विमान हादसे से पहले यह मॉडल अंतरमहाद्वीपीय यात्रा का मुख्य आधार था। इसका सुरक्षा रिकॉर्ड भी शानदार था। लेकिन ड्रीमलाइनर हादसे ने पिछले साल अलग-अलग विवादों के कारण हर महीने करीब एक डॉलर का नुकसान झेलने वाली कंपनी के लिए नई चुनौतियां पेश की है।

बोइंग का ड्रीमलाइनर विमान उस बोइंग 737 मैक्स से अलग है, जो इंडोनेशिया और इथियोपिया में हुए दर्दनाक हादसों के कारण पूर्व में सुर्खियों में रहा है। इन हादसों में क्रमशः 2018 और 2019 में सैकड़ों लोग मारे गए थे। बाद की जांच में पाया गया था कि इन घटनाओं का कारण विमान के सॉफ्टवेयर में आई खराबी थी। यह जानकारी सामने आने के बाद इस मॉडल को दुनियाभर में 18 महीने के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया था।

भारत में हुए बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान हादसे की बात करें तो अभी तक इस मामले में बोइंग की तरफ से कोई गलती होने के कोई संकेत नहीं मिले हैं। बोइंग की गलती थी या नहीं इसकी पुष्टि हादसे के बाद चल रही जांचों के निष्कर्ष के आधार पर ही हो पाएगी। विमान का ब्लैक बॉक्स जिसमें उड़ान की महत्वपूर्ण जानकारियां सेव रहती हैं, बरामद हो गया है और इसकी पड़ताल के बाद हादसे कारणों की पूरी तस्वीर सामने आएगी।

अहमदाबाद में हुई दुर्घटना के कारणों के बारे में अलग-अलग अटकलें लग रही हैं, लेकिन विमानन उद्योग से जुड़े विशेषज्ञ मानते हैं कि आजकल निर्माता की गलती के कारण घातक दुर्घटना होना दुर्लभ है। हालांकि उनका मानना है कि बोइंग 737 मैक्स विमान के हादसों के बाद इसकी पूरी तरह से गारंटी नहीं दी जा सकती कि विमान निर्माता हादसे के लिए कतई जिम्मेदार नहीं हो सकता। हलांकि कुछ मामलों में दुर्घटनाएं कॉकपिट में हुई मानवीय भूल के कारण भी हुई हैं।

फिलहाल विमानन उद्योग की बात करें तो यह एक बात तय है कि जब आप वाणिज्यिक उड़ान भरते हैं, तो आप लगभग हमेशा या तो बोइंग या एयरबस मॉडल के विमान का ही इस्तेमाल करते हैं। क्योंकि पूरे विमान निर्माण उद्योग पर इन्हीं दो कंपनियों का प्रभावी रूप से दबदबा है। अब बोइंग का नाम एक बार फिर एक दिल दहला देने वाले हादसे से जुड़ गया है।

## अब 7 सेकंड में दिल की बीमारी का पता लग जाएगा, 14 साल के सिद्धार्थ ने बनाया ऐसा एप



**नई दिल्ली, एजेंसी।**14 साल के सिद्धार्थ नंदयाला नाम के भारतीय मूल के बच्चे ने एक ऐसा कमाल का एआई ऐप बनाया है, जो सिर्फ 7 सेकंड में दिल की बीमारी का पता लगा लेता है। इस ऐप का नाम है Circadian AI (सर्केडियन एआई)। यह ऐप स्मार्टफोन से दिल की धड़कनें सुनकर 96त्र से ज्यादा सटीकता से बीमारी की पहचान करता है।

अब तक अमेरिका में 15,000 और भारत में 700 मरीजों पर इसका परीक्षण हो चुका है और नतीजे काफी अच्छे आए हैं। यह तकनीक उन लोगों के लिए बहुत मददगार साबित हो सकती है, जो समय पर डॉक्टर तक नहीं पहुंच पाते। सिद्धार्थ अमेरिका में रहते हैं, लेकिन उनके पिता महेश नंदयाला आंध्र प्रदेश के अनंतपुर से हैं। महेश साल 2010 में अमेरिका चले गए थे। सिद्धार्थ को बचपन से ही टेक्नोलॉजी में रुचि थी। आज वह STEM IT नाम की संस्था के संस्थापक और सीईओ हैं। यह संस्था दुनियाभर के बच्चों को कोडिंग, एआई और रोबोटिक्स सिखाने का काम करती है। सिद्धार्थ का सपना है कि हर बच्चा टेक्नोलॉजी से सीखकर कुछ नया बनाए और समाज की मदद करे। उन्होंने खुद इसी सोच के साथ ये,ढ्ढ ऐप बनाया है। डॉक्टरों का कहना है कि सिद्धार्थ का ऐप लाखों लोगों की जान बचाने में मदद कर सकता है, खासकर उन मरीजों की जो समय पर अस्पताल नहीं जा पाते। डॉ. जमिला अहमद, जो लुइसियाना स्टेट यूनिवर्सिटी से जुड़ी हैं, कहती हैं कि यह तकनीक हृदय रोगों से जुड़ी मौतों को कम कर सकती है।

## प्रदेश में शैक्षणिक विकास के लिए आपसी सहयोग के उद्देश्य से एमओयू पर हस्ताक्षर



**भोपाल।** फेडरेशन ऑफ मध्यप्रदेश चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री के सचिव प्रवीण आचार्य एवं सेज विश्वविद्यालय, भोपाल के रजिस्ट्रार डॉ नवीन ढ़िगड़ा ने प्रदेश में शैक्षणिक विकास हेतु आपसी सहयोग के उद्देश्य से एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस साक्षा समझौते के अन्तर्गत फेडरेशन एवं सेज विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के कौशल विकास, तकनीकी प्रशिक्षण, इन्टर्नशिप, शैक्षणिक भ्रमण, ओरिएंटेशन प्रोग्राम, एफडीपी, सेमिनार/कॉफ्रेंस, एवं विदेशी भाषा का प्रशिक्षण आदि पर कार्य किये जायेगे। इस अवसर पर फेडरेशन से डॉ. सुरेन्द्र सिंह एवं डॉ. सचिन अवस्थी तथा सेज विश्वविद्यालय से डॉ. शैफाली त्रिपाठी तथा डॉ. आरती उपाध्याय उपस्थित थे।

## फिर सोने के दाम में 280 प्रति 10 ग्राम और चांदी की कीमतों में 100 प्रति किलो का उछाल आया



**मुंबई, एजेंसी।** जून महीने में सोने व चांदी की कीमतों में लगातार उछाल देखने को मिल रहा है।आज शनिवार को फिर सोने के दाम में 280 प्रति 10 ग्राम और चांदी की कीमतों में 100 प्रति किलो का उछाल आया है नई कीमतों के बाद सोने और चांदी के भाव 1 लाख पार ट्रेंड कर रहे है।

आज शनिवार को सराफा बाजार की ओर जारी सोने और चांदी के अनुसार आज 14 जून 2025 को 22 कैरेट सोने के दाम 93,350 , 24 कैरेट का भाव 1,01,830 और 18 ग्राम सोने का रेट 76,380 रुपए पर ट्रेंड कर रहे है। वहीं 1 किलो चांदी का रेट 1, 10, 100 हजार रुपए चल रहा है।

18 कैरेट सोने का आज का भाव दिल्ली सराफा बाजार में आज 10 ग्राम सोने की कीमत 76 380/- रुपये। कोलकाता और मुंबई सराफा बाजार में 76, 260/- रुपये। इंदौर और भोपाल में सोने का भाव 76, 300 चल रहा है। चेन्नई सराफा बाजार में कीमत 76, 700/- रुपये पर ट्रेड कर रही है। 22 कैरेट सोने का आज का भाव भोपाल और इंदौर में आज 10 ग्राम सोने की कीमत 93, 250/- रुपये। जयपुर, लखनऊ, दिल्ली सराफा बाजार में आज 10 ग्राम सोने की कीमत 93, 350/- रुपये।

हैदराबाद, केरल, कोलकाता, मुंबई सराफा बाजार में 93, 200/- रुपये ट्रेंड कर रहा है। 24 कैरेट सोने का आज का भाव भोपाल और इंदौर में आज 10 ग्राम सोने की कीमत 1,01,730 रुपये दिल्ली जयपुर लखनऊ और चंडीगढ़ सराफा बाजार में आज 10 ग्राम सोने की कीमत 1,01,830/- रुपये। हैदराबाद, केरल, बैंगलुरू और मुंबई सराफा बाजार में 1,01, 680/- रुपये। चेन्नई सराफा बाजार में कीमत 1,01, 680/- रुपये पर ट्रेंड कर रहा है। जयपुर कोलकाता अहमदाबाद लखनऊ मुंबई दिल्ली सराफा बाजार में 01 किलोग्राम चांदी की कीमत 1,10, 100 /- रुपये चल रही है। चेन्नई, मदुरै , हैदराबाद,और केरल सराफा बाजार में कीमत 1,20,000/- रुपये। भोपाल और इंदौर में 1 किलो चांदी की कीमत 1,10, 100/ रुपए ट्रेंड कर रही है।

## सांची उपभोक्ताओं को दूध उपलब्ध कराने एडवांस कार्ड योजना की शुरुआत

**भोपाल।** भोपाल सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, जो मध्यप्रदेश राज्य सहकारी दुग्ध महासंघ (एमपीसीडीएफ) से संबद्ध है, द्वारा उपभोक्ताओं को गुणवत्ता युक्त दूध सुलभ एवं रियायती दरों पर उपलब्ध कराने हेतु एडवांस कार्ड योजना की शुरुआत की गई है। इस अवसर पर महासंघ के प्रबंध संचालक डॉ. संजय गोवाणी एवं भोपाल दुग्ध संघ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री प्रीतेश जोशी ने शाहपुरा स्थित मनीषा सांची पार्लर पर उपभोक्ताओं को एडवांस कार्ड प्रदान कर योजना का औपचारिक शुभारंभ किया। दइस योजना के तहत उपभोक्ताओं को सांची ब्रांड के तरल दूध पर ?0.50 प्रति लीटर की छूट दी जाएगी, जो प्रतिदिन अधिकतम 3 लीटर तक लागू होगी। यह पहल खासतौर पर शहरी कार्यरत उपभोक्ताओं, कर्मचारियों और गृहस्थ परिवारों के लिए लाभकारी सिद्ध होगी जो नियमित रूप से शुद्ध एवं गुणवत्तायुक्त दूध की आवश्यकता रखते हैं। डॉ गोवाणी ने योजना की सराहना करते हुए कहा कि सांची न केवल गुणवत्ता का प्रतीक है, बल्कि उपभोक्ताओं की आर्थिक सुविधा का भी ध्यान रखता है। उन्होंने कहा कि भोपाल दुग्ध संघ द्वारा यह पहल उपभोक्ता केंद्रित दृष्टिकोण की एक उत्कृष्ट मिसाल है, जिससे सांची ब्रांड के प्रति लोगों का विश्वास और सुदृढ़ होगा। इस अवसर पर श्री जोशी ने बताया कि उपभोक्ता हर माह की 16 तारीख से लेकर आगामी माह की 15 तारीख तक नजदीकी सांची पार्लरों पर जाकर एडवांस कार्ड बनवा सकते हैं। उदाहरण के लिए, यदि कोई उपभोक्ता 16 जून को कार्ड बनवाता है, तो



वह छूट का लाभ 15 जुलाई तक उठा सकता है। उन्होंने कहा कि इस योजना का उद्देश्य उपभोक्ताओं को प्रत्यक्ष आर्थिक लाभ पहुंचाना और उन्हें सांची ब्रांड की गुणवत्ता व विश्वसनीयता से जोड़ना है। संघ यह सुनिश्चित कर रहा है कि यह लाभ केवल वास्तविक उपभोक्ताओं को मिले; यह छूट विक्रेताओं एवं वितरकों को लागू नहीं होगी।

भोपाल दुग्ध संघ द्वारा इस योजना के व्यापक प्रचार हेतु विभिन्न माध्यमों जैसे बैनर, पोस्टर, मीडिया कवरेज एवं क्षेत्रीय जागरूकता अभियानों का आयोजन किया जा रहा है। संघ के पर्यवेक्षकों एवं विपणन कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने क्षेत्रों में उपभोक्ताओं से संपर्क कर योजना की जानकारी दें। भोपाल दुग्ध संघ का विश्वास है कि यह योजना उपभोक्ताओं को सांची से दीर्घकालिक रूप से जोड़ेगी, साथ ही दूध की खरीद पर उनके मासिक व्यय में सीधी बचत सुनिश्चित करेगी। निकट भविष्य में संघ इसी प्रकार की और भी उपभोक्ता हितैषी योजनाओं पर कार्य कर रहा है।

**सोशल मीडिया से**







विमान हादसे के मलबे में चल रहे %रेस्क्यू ऑपरेशन% के दौरान कुछ ऐसा मिला है, जिसके बारे में जानकर आप सिर्फ एक ही बात कहेंगे- %चमत्कार को नमस्कार।% अहमदाबाद के जिस मेडिकल कॉलेज पर विमान टकराया, वहां सबकुछ जलकर खाक हो गया। रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान मलबे से एक भगवद गीता मिली है, जो बिल्कुल सही सलामत है। इस तस्वीर को देखकर किसी को यकीन नहीं हो रहा कि जिस प्लेन क्रैश में इंसान तो छोड़िए, लोहा तक पिघल गया, वहां भगवद् गीता कैसे बच गई।







केवल नेताओं के मरने पर राष्ट्रीय शोक घोषित होगा ? क्या 242 यात्रियों और 35 मेडिकल छात्रों की मौत राष्ट्रीय शोक नहीं है?




### 15 जून तक प्रदेश में मानसून की एंट्री हो जाएगी

# प्रदेश में कल से 2 दिन 4.5 इंच तक हो सकती है बारिश

## रतलाम, श्योपुर और डबरा में बिजली गिरने 3 महिलाओं और एक युवती की मौत हो गई



**भोपाल।** मानसून की गतिविधियां तेज होने से मध्य प्रदेश में 2 दिन 15 और 16 जून को भारी बारिश की संभावना जताई गई है। खास करके दक्षिणी हिस्से के पांढुर्णा, छिंदवाड़ा, बालाघाट, मंडला, डिंडौरी, अनूपपुर, खंडवा में 2.5 से 4.5 इंच तक बारिश हो सकती है। इसी दौरान मानसून के भी प्रदेश में प्रवेश की संभावना है। मानसून के प्रवेश की सामान्य तारीख 15 जून ही है। जानकारी के लिए बता दें कि पिछले 15 दिन से मानसून महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ में एक ही जगह पर ठहरा है। इस वजह से एमपी में इसकी एंट्री नहीं हो पाई है। हालांकि, अब मानसून के सक्रिय होने की हल चल तेज हुई है। मौसम विभाग का अनुमान है कि 15 जून तक प्रदेश में मानसून की एंट्री हो जाएगी। उधर, प्रदेश की राजधानी भोपाल समेत अनेक इलाके जहां एक तरफ भीषण गर्मी की चपेट में हैं तो वहीं, दूसरी तरफ कई क्षेत्रों में शुक्रवार को मौसम इसके उलट भी रहा। प्रदेश के कई जिलों में बारिश के साथ आंधी-तूफान ने जमकर तबाही मचाई। प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में हुई बारिश से खासा नुकसान होने की जानकारी भी सामने आई है। रतलाम, श्योपुर और डबरा में बिजली गिरने 3 महिलाओं और एक युवती चार की मौत हो गई। यही नहीं, गुना में बिजली गिरने से मंदिर का गुम्बद क्षतिग्रस्त हुआ है।

### वर्तमान में मानसून की स्थिति

मौसम विभाग के अनुसार वर्तमान में मानसून की उत्तरी सीमा मुंबई, अहिल्यानगर, आदिलाबाद, भवानीपटना, पुरी और बालुरघाट तक पहुंच चुकी है। पंजाब, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, पश्चिमी राजस्थान और उनके आसपास के क्षेत्रों में हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात सक्रिय हैं। आंध्र प्रदेश और दक्षिणी ओडिशा पर बने चक्रवात और कर्नाटक तक फैली द्रोणिका के कारण मानसून के आगे बढ़ने की गति तेज हो सकती है। इन सभी मौसमी प्रणालियों के चलते प्रदेश में हीटवेव और बादल बारिश की स्थिति बन रही है हालांकि 14 जून से मानसून की गतिविधियां तेज आएगी, ऐसे में 15 जून को मानसून के मंडला व बालाघाट के रास्ते प्रवेश करने का अनुमान है।

### गर्मी से मिलेगी राहत

मौसम विभाग के वैज्ञानिक अरुण शर्मा ने बताया कि आंध्र प्रदेश और दक्षिणी ओडिशा पर बने चक्रवात और कर्नाटक तक फैली द्रोणिका के कारण मानसून के आगे बढ़ने की गति तेज हो सकती है। 14 जून से मानसून के प्रभाव बढ़ने की संभावना है। 15 जून को इसके प्रदेश में प्रवेश की उम्मीद है। उन्होने बताया कि शनिवार से बारिश का सिलसिला शुरू होने की पूरी संभावना है। इससे तापमान में गिरावट आएगी और उमस से भी कुछ हद तक निजात मिल सकती है।

### प्री-मानसून से हो रही तेज बारिश

मानसून की एंट्री से पहले प्रदेश में प्री-मानसून एक्टिविटी तेज हो गई है। शुक्रवार को गुना, शिवपुरी, अशोकनगर में तेज बारिश हुई। गुना में एक घंटे पानी गिरा। मुरैना में तेज आंधी-बारिश से कई जगह पेड़ उखड़ गए। इंदौर, ग्वालियर, रतलाम और खंडवा में भी पानी गिरा। मौसम विभाग ने अगले कुछ घंटों में 26 जिलों में तेज आंधी के साथ बारिश का अलर्ट जारी किया है। इनमें छिंदवाड़ा, बालाघाट, मुरैना, भिंड, ग्वालियर, श्योपुर, शिवपुरी, जबलपुर, छतरपुर, नर्मदापुरम, हरदा, बैतूल, बुरहानपुर, भोपाल, विदिशा, अशोकनगर, सीहोर, बड़वानी, रतलाम, मंदसौर, गुना, खरगोन, उज्जैन अलीराजपुर, धार और राजगढ़ शामिल हैं।

# नाती के हाथ लगा 'नाना' को लिखा पापा का 41 साल पुराना पत्र, जब उन्होंने मांगी थी शादी की इजाजत!

हर मोहब्बत को मुकाम नहीं मिलता, लेकिन कोशिश तो करना पड़ती है। कोई सफल होता है, कोई असफल। प्यार को मुकाम तक पहुंचाना हर किसी के बस की बात भी नहीं होती। एक व्यक्ति ने 41 साल पहले अपनी मोहब्बत को मंजिल देने के लिए उसके पिता को एक पत्र लिखा था। बेहद सौम्य भाषा में लिखा गया ये पत्र इसलिए उल्लेखनीय है कि इसमें एक पिता से उसकी बेटी का हाथ मांगा गया था। जिसमें उसके प्रति अपने प्यार, समर्पण और जिम्मेदारी का भाव झलका था। यह पत्र 41 साल बाद उस उस व्यक्ति के बेटे के हाथ लगा। उसने उसे सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया, जो चर्चा में आ गया।

सोशल मीडिया पर वायरल हुए 41 साल पुराने इस पत्र से लोग प्रेरणा ले रहे हैं। क्योंकि, उस व्यक्ति ने अपनी प्रेमिका से शादी के लिए उसके पापा को मनाने के लिए यह खास तरीका अपनाया था। कारण कि प्यार इस दुनिया की सबसे आसान और जटिल चीज है। क्योंकि, प्यार तो आसानी से हो जाता है, लेकिन उस प्यार को अपना बनाना भी एक चुनौती है। अक्सर, प्यार से शादी वाले प्रसंग में लड़की और लड़के दोनों ही अपने परिजनों से शादी की इजाजत मांगने में डरते है। लेकिन, सोशल मीडिया पर वायरल 41 साल पुराना पत्र, आज के प्रेमियों के लिए मिसाल की तरह है।

अपने प्यार को पाने के लिए उन्होंने अपनी प्रेमिका के पिता को पत्र लिखने का साहस जुटाया, बल्कि उन्हें इंप्रेस करने के लिए उनकी मातृभाषा छत्तीसगढ़ी भी सीखी, ताकि अपनी बात आसानी से समझा सके। अब उनकी शादी को 41 साल हो गए हैं, तो उनके बेटे ने ही उनका लिखा पत्र सोशल मीडिया पर शेयर कर दिया, जो खासा चर्चित हो गया।

बेटे ने सोशल मीडिया पर लिखा 'मुझे 41 साल पुराना लेटर मिला, जो मेरे पापा ने मेरे नाना को प्रेम मैरिज की परमिशन के लिए भेजा था।' इस टाइटल के साथ अपने पापा का वो पत्र शेयर किया, साथ ही छत्तीसगढ़ियां में होने के नाते उसका अंग्रेजी अनुवाद भी लिखा है। उन्होंने लिखा कि मेरे पापा (70 साल) दिल्ली से हैं और मम्मी (65 साल) रायपुर छत्तीसगढ़ से। उनकी मुलाकात (दिल्ली यूनिवर्सिटी) के दिनों में हुई थी, जब वे वहां मास्टर्स और बैचलर कर रहे थे। मेरे नाना जी को को इंप्रेस करने के लिए, मेरे पापा ने छत्तीसगढ़ी भाषा सीखी और शादी की परमिशन मांगते हुए यह पत्र लिखा और आखिरकार 6 साल के रिलेशन और माता-पिता को मनाने के लिए 3 साल की परेशानी के बाद, उन्होंने 30 और 25 साल की उम्र में शादी कर ली।

### क्या लिखा था उस अनुरोध पत्र में

हाल ही में उन्होंने इस साल अपनी 40वीं शादी की एनिवर्सरी मनाई। अपनी पोस्ट में उन्होंने 11 जनवरी 1984 को छत्तीसगढ़ी में लिखे पत्र का ट्रांसलेशन भी किया है। इसकी शुरुआत ऐसे होती है कि....

जय जोहार

आदरणीय अंकल,

मुझे पता है कि यह लेटर पढ़कर आपको गुस्सा और बहुत सारे सवाल आ सकते हैं। मैं वह लड़का हूं, जो आपकी बेटी को पूरे दिल से प्यार करता हूं। हम दोनों ने दिल्ली यूनिवर्सिटी में पढ़ाई की और वहीं हमारी जान-पहचान हुई और हम एक-दूसरे से बहुत प्यार करने लगे। अभी मैं दिल्ली में सरकारी नौकरी कर रहा हूं। मैं एक सम्मानित परिवार से हूं और अच्छी कमाई करता हूं। मैं आपकी बेटी से बहुत प्यार करता हूं और हम दोनों शादी करना चाहते हैं। जिसके लिए हम ईमानदारी से आपका और आंटी का आशीर्वाद चाहते हैं।

हम आपके आशीर्वाद के बिना कोई कदम नहीं उठाएंगे। मैं आपको तहे दिल से भरोसा दिलाना चाहता हूं कि अगर आपकी बेटी मेरे साथ रहेगी तो उसे कभी कोई परेशानी या दुख नहीं झेलना पड़ेगा। हम प्यार, शांति और सद्भाव के साथ साथ रहेंगे।

मैं एक ईमानदार आदमी हूं और मैं आपकी बेटी को हमेशा खुश और सम्मानित रखने का वादा करता हूं। मुझे उम्मीद है कि आप मेरे शब्दों पर गहराई से विचार करेंगे और हमें आशीर्वाद देंगे। आपका जवाब मेरे जीवन की दिशा तय करेगा।

सादर

सोशल मीडिया पर दिलचस्प कमेंट

41 साल पुराने पापा के पत्र को पढ़ने के बाद इंटरनेट यूजर्स कमेंट सेक्शन में जमकर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, आपके पिताजी के प्रति हार्दिक सम्मान मित्र। दूसरे यूजर ने कहा कि बहुत प्यारी ! उसके लिए कुछ ज्यादा ही करना, उसकी भाषा सीखना (अभिवादन के साथ-साथ), उसके पापा से परमिशन मांगना। मैं बहुत खुश हूं कि उन्होंने एक-दूसरे को पाया और बहुत दुखी हूं कि मुझे कभी भी इस तीव्रता से प्यार नहीं किया जाएगा।

# एमपी यूथ कांग्रेस ने एक माह देरी से जारी की फाइनल उम्मीदवारों की लिस्ट, अध्यक्ष पद के लिए 18 दावेदार

**भोपाल।** एक माह से ज्यादा मशक्कत के बाद आखिरकार मध्य प्रदेश यूथ कांग्रेस चुनावों के लिए नामांकनों की स्क्रूटनी के बाद उम्मीदवारों के नामों की लिस्ट जारी कर दी है। इस लिस्ट में प्रदेश अध्यक्ष के लिए दाखिल किए गए 20 नामांकन फार्मों में से एक नॉमिनेशन रिजेक्ट और एक फॉर्म होल्ड किया गया है। 18 उम्मीदवारों के नामांकन स्वीकृत किए गए हैं। वही अध्यक्ष पद के लिए पूर्व मंत्री वर्तमान विधायक लाखन सिंह घनघोरिया के बेटे यश घनघोरिया माने जा रहे हैं। हालांकि सभी 18 उम्मीदवार अपने आप को मजबूत मान रहे हैं। युवा कांग्रेस के चुनाव में प्रदेश महासचिव के लिए घमासान मचा हुआ है। कुल 182 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किए थे। इनमें से 4 के नामांकन होल्ड किए गए हैं। 178 नॉमिनेशन एक्सेप्ट किए गए हैं।




### अध्यक्ष के लिए यह है 18 उम्मीदवार

यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष के 18 उम्मीदवारों में योगिता सिंह, जावेद पटेल, अभिषेक परमार, नीरज पटेल, गीता कड़वे, प्रमोद सिंह, विश्वजीत सिंह चौहान, विनय पांडेय, राजवीर कुडिया, प्रियेश चौकड़े, अब्दुल करीम सिद्दीकी, शुभांगना राजे जामनिया, आशीष चौबे, यश घनघोरिया, देवेन्द्र सिंह दादू, स्वीटी पाटिल, शिवराज यादव, मोनिका मांडरे।

### प्रदेश अध्यक्ष की रेस में पूर्व मंत्री के बेटे

यूथ कांग्रेस अध्य पद के लिए बड़े नेता अपने-अपने कैंडिडेट को आगे कर रहे हैं। पूर्व मंत्री और वर्तमान विधायक लखन घनघोरिया के बेटे यस घनघोरिया कांग्रेस के सभी दिग्गजों का समर्थन जुटाने की कोशिश कर रहे हैं। युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष की रेस में यश सबसे आगे हैं। हालांकि, कई दावेदारों ने परिवारवाद को लेकर यश की दावेदारी पर सवाल उठाए हैं।

# जीरो शैडो-डे, आज दोपहर में आपकी परछाई छोड़ देगी आपका साथ

**भोपाल।** खगोलीय घटना के चलते आज राजधानी भोपाल के लिए जीरो शैडो-डे है। आज के दिन दोपहर के समय किसी भी वस्तु की छाया नहीं बनेगी। कुछ देर के लिए लगेगा कि परछाई गायब हो गई है। हालांकि ऐसा सूर्य की स्थिति के चलते होता है। छाया बनती है बस दिखाई नहीं देती। इस खगोलीय घटना की वैज्ञानिक जानकारी देने नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने विज्ञान चौपाल का आयोजन किया। इस चौपाल में बच्चों को सारिका ने बताया कि इसे जीरो शैडो-डे कहा जाता है। इस दौरान जमीन पर किसी छड़ को खड़ा किया जाए तो दोपहर में उसकी छाया दिखाई नहीं देगी।



सारिका ने बताया कि पृथ्वी के झुकाव के साथ परिक्रमा करते रहने से सूर्य हर साल के छह महीने मकर रेखा से कर्क रेखा की जाता दिखता है। इस दौरान वह अलग-अलग तारीख को किसी खास शहर के ठीक ऊपर होता है। आज से यह बारी राजधानी भोपाल की है। सूर्य मध्यान्ह में ठीक आपके सिर के ऊपर आने की खगोलीय घटना होने जा रही है। इस स्थिति में किसी भी वस्तु की छाया उसके ठीक आधार के नीचे बनती है, जिससे लगता है कि छाया गायब हो गई है। सारिका ने बताया कि इस वर्ष सूर्य कर्क रेखा पर 21 जून को पहुंचेगा और वापस मकर रेखा की ओर अपनी वापसी यात्रा आरंभ करेगा। इस कारण यह 28 जून को दोबारा इस ही स्थिति में होगा। मकर रेखा और कर्क रेखा के बीच स्थित स्थानों पर यह घटना साल में दो बार होती है। सारिका ने बताया कि चूंकि भोपाल उत्तर से दक्षिण की ओर फैला एक बड़े क्षेत्रफल का शहर है इसलिए औसत रूप से यह घटना 14 जून को होती है। 13 जून को यह शहर के दक्षिणी भाग में आरंभ होती है।

# लांबाखेड़ा में 2 अवैध कॉलोनियों पर चली जेसीबी; बाउंड्रीवॉल तोड़ी, सड़कें उखाड़ी



**भोपाल।** हुजूर तहसील क्षेत्र में शुक्रवार को अवैध कॉलोनी पर बड़ी कार्रवाई की गई। लांबाखेड़ा की दो कॉलोनी में जेसीबी से बाउंड्रीवॉल तोड़ दी, जबकि सड़कें उखाड़ दी। हुजूर एसडीएम विनोद सोनकिया ने बताया, अवैध कॉलोनियों में किए गए निर्माण की पहले जांच की गई। जांच के बाद शुक्रवार को पुलिस बल के साथ कार्रवाई की गई। बता दें कि अवैध कॉलोनियों पर जिला प्रशासन लगातार कार्रवाई कर रहा है। हालांकि, अब तक हुजूर अनुभाग में ही यह कार्रवाई की गई है। बाकी अनुभाग में अब तक कार्रवाई नहीं हो सकी है।

### अवैध प्लाटिंग की जा रही

एसडीएम सोनकिया ने बताया, ग्राम लांबाखेड़ा में अर्जुन सिंह की भूमि रकबा 0.405 हेक्टेयर पर की अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। जिसकी कीमत करीब 4 करोड़ रुपए है। वहीं, लांबाखेड़ा में ही गुलाब सिंह की जमीन पर भी अवैध कॉलोनी विकसित हो रही थी। जिसकी कीमत करीब 5 करोड़ रुपए थी। पुलिस की मौजूदगी और जेसीबी की मदद से कार्रवाई की गई।

# भोपाल एयरपोर्ट के 10किमी. दायरे वाले 27 मैरिज-गार्डन को नोटिस, अहमदाबाद प्लेन क्रैश के बाद एक्शन

**भोपाल।** गुजरात के अहमदाबाद में हुए विमान हादसे के बाद भोपाल में भी बड़ा एक्शन हुआ है। यहां राजा भोज एयरपोर्ट के 10 किलोमीटर के दायरे में आने वाले 27 मैरिज गार्डन संचालकों को नोटिस थमाए गए हैं। मैरिज गार्डन संचालक शादी समारोह में लेजर लाइट का उपयोग कर रहे थे। इससे पायलटों को विमान के लैंडिंग में परेशानी आ रही थी।

बैरागढ़ एसडीएम रविशंकर राय ने संचालकों को शुक्रवार को नोटिस जारी किए। इसमें कहा है कि कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने 9 अप्रैल-25 को भारतीय नागरिक सुरक्षा अधिनियम की धारा 163 के तहत एयरपोर्ट से मुबारकपुर चौराहा एवं संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़) तक के क्षेत्र में लेजर बीम, उच्च तीव्रता वाली रोशनी और स्काई फायर वर्क्स के उपयोग पर पूरी तरह से प्रतिबंधित किया था।

बावजूद गार्डन में शादी के प्रोग्राम के दौरान इनका उपयोग हो रहा है। बता दें कि लेजर लाइट आसमान में करीब 150-200 मीटर तक अटैक करती है। ऐसे में विमान लैंडिंग के दौरान परेशानी होती है।

**एसडीएम बोले- नियम तोड़े तो गार्डन होगा सील-** एयरपोर्ट डायरेक्टर रामजी अवस्थी ने भी एयरपोर्ट के आसपास मैरिज गार्डन से लेजर बीम और सारपी लाइट से पायलटों को विमान लैंडिंग में परेशानी होने की बात कही थी। एसडीएम राय ने बताया, शुक्रवार को गार्डन संचालकों से बात भी की। उन्हें नियमों का पालन करने की सख्त हिदायत दी गई है। बावजूद वे नहीं माने तो गार्डन को सील करने की कार्रवाई की जाएगी। नियमित रूप से टीमें मैदान में उतरकर जांच करेगी।

**अवैध निर्माण की जांच करने उतरेगी टीम-** शुक्रवार को एसडीएम राय, सिटी प्लानर अनूप गोयल समेत कई अधिकारी राजा भोज एयरपोर्ट पहुंचे और निरीक्षण किया। उन्होंने सड़क किनारे अवैध तरीके से लग रही मीट दुकानों का भी जायजा लिया। इन पर तत्काल एक्शन लेने की बात कही। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने निगम कमिश्नर हरेंद्र नारायण को निर्देश दिए हैं कि टीमें नियमित रूप से दौरा करें। कोई दोषी पाया जाता है तो तुरंत कार्रवाई हो।

# रफ रोड रिबेल्स डर्ट बाइक चैलेंज कल, प्रैक्टिस राउंड आज

## 100 से अधिक प्रतिभागियों के शामिल होने की संभावना

**भोपाल।** शहर में एडवेंचर बाइकिंग के शौकीनों के लिए एक बार फिर धमाकेदार इवेंट होने जा रहा है। 15 जून को 'रफ रोड रिबेल्स भोपाल डर्ट चैलेंज' का आयोजन थ्रोटल एरिना, बेरसिया रोड (टोल प्लाजा के बाद) में किया जाएगा। इससे पहले भी यह इवेंट सफलतापूर्वक हो चुका है। युवाओं में इसकी खासी लोकप्रियता देखी गई है। आयोजकों के अनुसार इस बार भी आयोजन का उद्देश्य सिर्फ स्पोर्ट्स नहीं, बल्कि सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना और बाइकिंग में सेफ्टी गेयर्स के उपयोग को प्रोत्साहित करना है। आयोजकों ने बताया कि 14 जून को राइडर्स के लिए प्रैक्टिस राउंड होंगे और 15 जून को मुख्य मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। इवेंट में भोपाल सहित आस-पास के इलाकों से 100 से अधिक राइडर्स हिस्सा लेंगे।



### विभिन्न कैटेगरी में कराया जाएगा मुकाबला

यह मुकाबला विभिन्न कैटेगरी में कराया जाएगा, ताकि हर स्तर के राइडर्स अपनी प्रतिभा दिखा सकें। आयोजन में हेलमेट, राइडिंग जैकेट, बूट्स जैसे सभी सेफ्टी उपकरण अनिवार्य किए गए हैं। आयोजकों का कहना है कि युवाओं को यह समझाना बेहद जरूरी है कि तेज रफ्तार का स्थान ट्रैक है, न कि सड़क। आयोजन स्थल पर दर्शकों की सुविधा और सुरक्षा के लिए भी विशेष इंतजाम किए गए हैं। एफएमएससीआई नेशनल सुपर क्रॉस चैम्पियनशिप का तीसरा राउंड है। यहां 10 से 14 साल एज ग्रुप के राइडर्स ने भी अपना कमाल दिखाया। इससे पहले इसका पहला और दूसरा राउंड नासिक और कोयंबटूर में हो चुका है। अगले राउंड पंचगनी, कोच्चि और बेंगलुरु में आयोजित होंगे। प्रतिभागियों का कहना है कि यहां का ट्रैक काफी मुश्किल और चैलेंजिंग था।